Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 300 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, बुधवार 29 मई 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



हमारा जीवन अहिंसा को समर्पित है, हिंसा के लिये नहीं।

Our life is dedicated to nonviolence not for violence.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### रायपुर शहर में 2 लाख से अधिक डस्टबिन का होगा वितरण

**रायपुर (विसं)।** डस्टबिन की खरीदी के लिए एक साल पहले एक करोड़ खर्च किए गए थे, इस बार 1.25 करोड़ खर्च करने की तैयारी है। हजारों की संख्या में डस्टबिन बांटने के बाद भी स्वच्छता रैंकिंग में रायपुर बेहद पीछे है। पिछले तीन साल से रैंकिंग में भी बड़ा बदलाव नहीं हो रहा है। गलियों और सड़कों पर पहले की तरह ही कचरा फैला था। इससे आम लोग सबसे ज्यादा परेशान रहते हैं। वार्डों के मुक्कड़ों के कचरे की बदबू से लोगों का आना-जाना भी मुश्किल होता है।

### 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी : लालू यादव

**पटना (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 के अंतिम और सातवें चरण का मतदान एक जून को होने वाला है। इसे लेकर सभी दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। इधर, राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद भी मंगलवार को पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से राजद की प्रत्याशी मीसा भारती के प्रचार के लिए क्षेत्र में पहुंचे। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने दावा करते हुए कहा कि चार जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। नरेंद्र मोदी सरकार का सफाया होगा। पटना में पत्रकारों से चर्चा के दौरान जब उनसे पूछा गया कि चार जून को क्या होगा, तब उन्होंने कहा कि अब मोदी गए, अब वे खुद को कह रहे हैं कि वे अवतार हैं अवतार।

## रायपुर पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी पर मुख्यमंत्री साय ने थपथपाई उनकी पीठ

### मुख्यमंत्री ने कहा- जवानों ने एक अनहोनी घटना का समय रहते पर्दाफाश किया



**रायपुर (विश्व परिवार)।** राजधानी पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। छत्तीसगढ़ के दो बड़े कारोबारियों को मारने आए लॉरेंस बिश्नोई और अमन साहू गैंग के 4 शूटर को गिरफ्तार कर रायपुर पुलिस ने एक बहुत बड़े षड़यंत्र का पर्दाफाश किया है। जिससे कि राजधानी रायपुर में होने वाली एक बड़ी अनहोनी टल गई। रायपुर पुलिस को मिली इस बड़ी कामयाबी पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उनकी पीठ थपथपाई है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ के दो बड़े कारोबारियों को मारने आए लॉरेंस और अमन गैंग के 4 शूटरों को गिरफ्तार किया गया है। हम बधाई देना चाहेंगे हमारे पुलिस के जवानों को, जिन्होंने एक अनहोनी घटना घटने वाली थी, उसका समय रहते पर्दाफाश कर दिया। मुख्यमंत्री ने दावा करते हुए कहा कि जब से प्रदेश में हमारी सरकार आई है, तब से सब कुछ ठीक चल रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि लॉरेंस बिश्नोई-अमन साहू गैंग के चार शूटर छत्तीसगढ़ को दहलाने की नापाक साजिश कर रहे थे। जिसे रायपुर पुलिस ने अपनी सूझबूझ से गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों को छत्तीसगढ़ और झारखंड के बड़े कोयला कारोबारियों की हत्या करने की सुपारी मिली थी। जिसका समय रहते रायपुर पुलिस ने पर्दाफाश किया।

गौरतलब है कि लॉरेंस बिश्नोई-अमन गैंग के 4 शूटर छत्तीसगढ़ को दहलाने की नापाक साजिश कर रहे थे। जिसे रायपुर पुलिस ने अपनी सूझबूझ से गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों को छत्तीसगढ़ और झारखंड के बड़े कोयला कारोबारियों की हत्या करने की सुपारी मिली थी। जिसका समय रहते रायपुर पुलिस ने पर्दाफाश किया।

### प्रधानमंत्री ने झारखंड के दुमका में विशाल जनसभा को किया संबोधित

## संथाल की ये धरती क्रांति की धरती है : नरेन्द्र मोदी

**दुमका (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण के पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के दुमका में चुनावी सभा को संबोधित किया. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संताली भाषा में अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि सब के प्रणाम, अपना सिनी के प्रणाम, बाबा तिलका मांझी सिंधु कान्हू, फूलों झानो की वीर संथाल भूमि को नमन. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि संथाल की ये धरतीं क्रांति की धरतीं है. देश के लिए जीने मरने वालों की धरती है. आपके आशीर्वाद ने ये पक्का कर दिया कि फिर 1 बार मोदी सरकार. मैं विश्वास दिलाता हो अगर हमें आशीर्वाद देंगे तो आपकी तपस्या को बेकार नहीं जाने दूंगा. मैं विकास के रूप में उस आशीर्वाद को लौटा दूंगा.

पीएम मोदी ने कहा कि मोदी जी को आने से रोज घोटाले होते थे. कांग्रेस गरीबों के नाम पर पैसे लुटती थी. मोदी ने आकर सब बंद कर दिया. आज जनता का पैसा जनता के हक में खर्च हो रहा. पीएम मोदी ने कहा कि पहले की सरकार ने जिन्हें पूछा नहीं उन्हें हमने पूजा. जो काम 10 साल में हुआ है. अब आगे 5 साल और आगे बढ़ाना है. सरकार बनने के बाद 3



करोड़ और पक्के के मकान बनेंगे. गरीबो को मकान मिलेंगे. इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि मेरा एक काम कीजिये, कोई कच्चे मकान में मिले तो उसका नाम पता लिख कर आप मुझे भेज देना और उस परिवार को गारंटी दे देना की जब 3 करोड़ घर बनेगा तो उसे हम देंगे. मेरे तरफ से गारंटी दे देना. अपने सम्बोधन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आपके घर पर सोलर लगाने के लिए मोदी 75 हज़ार देगा. ताकि आपको बिजली बिल न लगे. इसी सब काम के लिए मोदी को आशीर्वाद चाहिए. वो मोदी को हटा कर घोटाला करना चाहते हैं. झारखंड में किसी के पास 35 करोड़ तो किसी के पास 300 करोड़ कैश मिलता है. आप उन्हें गरीबो का हक़ लूटने देगे क्या? जेएमएम कांग्रेस झारखंड को लूट रही है. पीएम ने कहा कि मैं तो देश का प्रधानमंत्री हूं न, वहीं मैं 13 सालों तक मुख्यमंत्री रहा लेकिन, मैंने कभी अपनी आंखों से सामने से इतने बड़े नोटों के पहाड़ नहीं देखा था, पहली बार टीवी पर ही इतने बड़े नोटों का पहाड़ देखा. प्रधानमंत्री ने कहा कि इन्होंने जमीन हड़पने का लिए अपने माता पिता का नाम बदल दिया. जेएमएम ने आपके थाली का राशन लूटा है. इनको शर्म नहीं आ रही. जल जीवन मिशन में भी इन्होंने भ्रष्टाचार किया. जेएमएम और कांग्रेस वालों के यहां नोटों के पहाड़ पकड़े जा रहे हैं. आप जानते हैं, ये पैसा कहां से आ रहा है? ये पैसा आ रहा है शराब के घोटाले से, ये पैसा आ रहा है करोड़ों रुपयों के टेंडर के घोटाले से, ये पैसा आ रहा है खान-खनिज-खनन घोटाले से. उन्होंने कहा कि बीजेपी दलित, वंचित और आदिवासियों के लिए समर्पित है, समर्पण और सेवा भाव से काम करती है. हमने आदिवासी कल्याण के लिए 4 गुणा से ज्यादा बजट बढ़ाया।

## श्रमिकों के लिए महंगाई भत्ता में हुई वृद्धि, श्रम विभाग ने जारी किया आदेश

**अकुशल श्रमिकों के लिए 10,900 रूपए, अर्द्धकुशल 11,550 रूपए, कुशल 12,330 रूपए और उच्च कुशल के लिए 13,110 रूपए वेतन होगी प्रतिमाह**

**रायपुर (आरएनएस)।** श्रम विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विभिन्न अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिकों के लिए 01 अप्रैल 2024 से परिवर्तनशील महंगाई भत्ता निर्धारित की गई है। लेबर ब्यूरों शिमला से प्राप्त औद्योगिक सूचकांक में जुलाई 2023 से दिसम्बर 2023 के मध्य 14 बिन्दु की औसत वृद्धि हुई। जिसके अनुसार प्रति बिन्दु 20 रूपए के मान से 45 अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिकों के परिवर्तनशील महंगाई भत्ता में प्रतिमाह 280 रूपए की वृद्धि की गई। श्रम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कृषि नियोजन में कार्यरत श्रमिकों हेतु लेबर ब्यूरों शिमला से प्राप्त सूचकांक में 56 बिन्दु की औसत वृद्धि होने से 5 रूपए प्रति बिन्दु के मान से 280 रूपए प्रतिमाह परिवर्तनशील महंगाई भत्ते में वृद्धि की गई। इसी प्रकार अगरबत्ती उद्योग में नियोजित श्रमिकों हेतु उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में औसत वृद्धि के आधार पर परिवर्तनशील महंगाई भत्ते 7.08 रूपए प्रति हजार अगरबत्ती निर्माण में निर्धारित की गई। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के अंतर्गत 45 अनुसूचित नियोजनों, कृषि नियोजन एवं अगरबत्ती नियोजन में कार्यरत श्रमिकों के लिए महंगाई भत्ते का निर्धारण लेबर ब्यूरो शिमला द्वारा जारी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर वर्ष में दो बार 01 अप्रैल एवं 01 अक्टूबर को किया जाता है। जारी आदेशानुसार श्रमिकों के लिए 01 अप्रैल 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक न्यूनतम वेतन की दरें निर्धारित की गई है। जिसमें अकुशल 'अ' श्रमिक वर्ग के लिए प्रतिमाह 10,900 रूपए, 'ब' वर्ग के लिए 10,640 रूपए तथा 'स' वर्ग के लिए 10,380 रूपए निर्धारित की गई है। अर्द्धकुशल 'अ' वर्ग के लिए 11,550 रूपए, 'ब' वर्ग के लिए 11,290 रूपए तथा 'स' वर्ग के लिए 11,030 रूपए निर्धारित की गई है।

## चक्रवात रेमल : खदान ढहने से 12 लोगों की मौत, कई लापता



**आइजोल (आरएनएस)।** मिजोरम के आइजोल जिले में मंगलवार को चक्रवात रेमल के कारण हुई लगातार बारिश से एक पत्थर की खदान ढह गई। इस हादसे में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और कई लोगों के लापता होने की भी खबर है। आपदा प्रबंधन और पुलिस अधिकारियों ने इस हादसे की जानकारी देते हुए कहा कि अब तक दस शव बरामद किए जा चुके हैं और कई अन्य लोग अभी भी मलबे में फंसे हुए हैं। जिला प्रबंधन के अधिकारी व कर्मी, पुलिस व अन्य स्थानीय लोग फंसे हुए लोगों को निकालने की कोशिश कर रहे हैं। एक आपदा प्रबंधन अधिकारी ने कहा कि भारी बारिश और तेज हवा से बचाव कार्यों में परेशानी आ रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि मलबे के नीचे कितने लोग फंसे हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पीड़ितों में से सात स्थानीय हैं, जबकि बाकी लोग राज्य के बाहर के हैं। वहीं कई अन्य जिलों से बारिश के कारण भूस्खलन की खबरें सामने आ रही हैं, अन्य जगहों पर कम से कम दो लोगों की मौत हुई है। जिलों के बीच वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई है। भारी भूस्खलन और भारी बारिश के कारण कई इमारतें, घर, सड़कें और पुल बह गए हैं।

## सुश्री नीनु इटियेरा ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक के पद पर कार्यभार ग्रहण किया



**रायपुर/बिलासपुर (विश्व परिवार)।** सुश्री नीनु इटियेरा ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक के पद पर अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। 1988 बैच की भारतीय रेल परिचालन सेवा की अधिकारी सुश्री इटियेरा इससे पूर्व में दक्षिण रेलवे, चन्नई में प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के पद पर कार्यरत थी। उन्होने दक्षिण रेलवे में प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक के पद भी कार्य किया है। सुश्री नीनु इटियेरा ने दक्षिण रेलवे के मदुरै मंडल के मंडल रेल प्रबंधक के पद भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

सुश्री इटियेरा के कार्यकाल में दक्षिण रेलवे ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों को हासिल किया तथा नई उंचाईयों को छुआ। इनके कार्यकाल में दक्षिण रेलवे में यात्री सुविधाओ एवं सेवाओ भी काफी प्रगति हुई। महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रुप में सुश्री इटियेरा के कार्यकाल में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अधोसंरचना एवं यात्री सुविधाओ में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त हो सकेगी। इसके साथ ही साथ देश की आर्थिक प्रगति की ओर भी अधिक बल देने में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का सकारात्मक योगदान हो सकेगा। सुश्री इटियेरा ने दक्षिण रेलवे के पालघाट मंडल में सहायक परिचलन प्रबंधक के पद से अपनी सेवा की शुरुआत की है। दक्षिण रेलवे के चन्नई मंडल में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उप मुख्य सतर्कता अधिकारी, उप मुख्य मुख्य परिचालन प्रबंधक, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, मुख्य यात्री परिचलन प्रबंधक, मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, चेयरमैन, रेलवे भर्ती बोर्ड तिरुवनंतपुरम सहित कई महत्वपूर्ण पदों कार्य किया।


### सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा- राम भक्त ही राज करेगा दिल्ली के सिंहासन पर

**गोरखपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि केवल एक राम भक्त ही दिल्ली की गद्दी पर शासन करेगा। आज यहां एक रैली को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि गोरखपुर हमारे लिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि 1986 में जब वीर बहादुर सिंह मुख्यमंत्री थे तब राम मंदिर का ताला यहीं से खोला गया था. आज जब रामलला विराजमान हैं. यहां से रिकॉर्ड वोट मिलने चाहिए. मैं जनता से पूछता हूं कि वे मोदी जी को इतना प्यार क्यों करते हैं और बीजेपी का इतना समर्थन क्यों करते हैं, वे कहते हैं कि जो राम को लेकर आए हैं, उन्हें हम लाएंगे. उन्होंने कहा कि भक्त ही राज करेगा दिल्ली के सिंहासन पर।

## चार जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी : राहुल गांधी

**लखनऊ (आरएनएस)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज कुशीनगर में इंडिया गठबंधन समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह पिन्टू के समर्थन में विशाल चुनावी जनसभा की। अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बासगांव में इंडिया गठबंधन कांग्रेस के संयुक्त प्रत्याशी सदल प्रसाद और वाराणसी से इंडिया गठबंधन कांग्रेस के प्रत्याशी अजय राय के समर्थन में विशाल चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित कर प्रत्याशियों को भारी वोटों से जिताने की अपील की।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कुशीनगर में आयोजित जनसभा में कहा है कि भाजपा सरकार के खिलाफ जनता की नाराजगी सड़कों पर दिख रही है। भाजपा ने दस सालों में सभी के साथ धोखा किया है। किसी को भी नहीं छोड़ा है। हर वर्ग के साथ भेदभाव किया है। भाजपा संविधान बदलना चाहती है। यही संविधान न्याय, अधिकार, सम्मान, नौकरी दिलाता है।



भेदभाव खत्म करता है। बाबा साहब का संविधान हम सबके लिए संजीवनी है। यह संविधान आगे बढ़ने का अवसर देता है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की नीयत ठीक नहीं है। इस लड़ाई में एक तरफ संविधान बचाने के लिए हम इंडिया गठबंधन के लोग है वहीं दूसरी तरफ संविधान बदलने की बात करने वाले भाजपा के लोग है। इस लोकसभा चुनाव में जनता संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए इंडिया गठबंधन के साथ खड़ी हो गयी है। पहले चरण के चुनाव से ही जनता ने भाजपा के सफाये का मन बना लिया था। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ा जनता ने भाजपा का सफाया कर दिया है। सातवें चरण में भाजपा पूरी तरह साफ हो जाएगी।कहा कि भाजपा ने हर वर्ग के साथ विश्वासघात किया है। भाजपा सरकार ने किसान, नौजवान सभी को ठगने का काम किया। धोखा दिया। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया। आय दोगनी नहीं हुई लेकिन खेती का लागत मूल्य बढ़ा दिया। खेती सम्बन्धित जरूरत का हर सामान महंगा कर दिया। कीटनाशक दवा डीजल, पेट्रोल, खाद सब महंगा कर दिया। गन्ने का किसान पूरी लागत लगा रहा है, लेकिन कीमत नहीं मिली। अन्य फसलों की भी कीमत नहीं मिली। उत्तर प्रदेश में गन्ने की कीमत दूसरे प्रदेशों से कम है।

## भारत गौरव गणिनी गुरु मां सौभाग्यमती माता जी ससंघ का शंकर नगर चंद्रप्रभ् दिगंबर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आचार्य श्री सिद्धांत सागर जी महाराज की परम प्रभावक शिष्या भारत गौरव गणिनी गुरु मां सौभाग्यमती माता जी ससंघ आर्यिका शिक्षा मती माताजी, आर्यिका संक्षेपमति माताजी, छुल्लिका साक्षात मती माताजी, छुल्लिका समक्ष मती माताजी का आज दिनांक 28 मई को प्रात- श्री सन्मति नगर फाफाडीह दिगंबर जैन मंदिर विहार करते हुए श्री चंद्रप्रभ शंकर नगर दिगंबर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश हुआ। माताजी का अभिनंदन वंदन समस्त शंकर नगर मंदिर समिति एवं समाज जनों ने किया।

माताजी ने श्री जिनेंद्र प्रभु की शांति धारा के साथ अपना मंगला चरण प्रारंभ किया अपने मंगल उद्बोधन में उन्होंने कहा कि जिनेंद्र भगवान के दर्शन करने से साधुओं की वंदन करने से जन्म जन्म के पाप नष्ट हो जाते हैं। देव शास्त्र गुरु के प्रति आपकी सच्ची भक्ति और श्रद्धा ही आपका मोक्ष मार्ग प्रशस्त करेगी। माताजी ने एक उदाहरण देते हुए बताया कि एक जीव ने पहले चिड़िया के घोसले में जन्म लिया तब उस जीव ने एक मुनिराज के दर्शन किए और उसका मरण हो गया, पुन: उस जीव ने एक गाय के बछड़े की पर्याय में जन्म लिया एवं उन्हीं मुनिराज के दर्शन पुन: उसका मरण हुआ तत्पश्चात उस जीव का जन्म एक राजा के पुत्र के रूप में हुआ पुन: उस जीव को उन्ही मुनिराज के दर्शन हुए तो उसने मुनिराज का बड़े ही मनोभावनाओं से दर्शन वंदन किया एवं अपना मुख्य मार्ग प्रशस्त किया।



उदहारण के तौर पर माताजी ने बताया कि दिगंबर संत के दर्शन मात्र से जन्म जन्म के पाप कट जाते हैं एवं सम्यक्त की प्राप्ति होती है जैसे कि उक्त जीव के साथ हुआ।



गणिनी आर्यिका रत्न 105 श्री सौभाग्यमति माताजी



परम पूज्य गणधर तीर्थ प्रेणेता आचार्य 108 श्री सिद्धांत सागर जी गुरुदेव

**प.पू. गणिनी आर्यिका रत्न 105 श्री सौभाग्यमति माता जी की ससंघ**

**दिनचर्या**

प्रात: 4.00 बजे – पौर्वान्हिक देव वंदना
प्रात: 5.00 बजे – रात्रिक प्रतिक्रमण
प्रात: 5.30 बजे – स्तुति वंदना आचार्य भक्ति
प्रात: 7.00 बजे – अभिषेक शांतिधारा
प्रात: 8.30 बजे – प्रवचन
प्रात: 9.30 बजे – आहारचर्या
दोपहर 12.00 बजे – इर्यापथ प्रतिक्रमण
दोपहर 12.15 बजे – सामायिक
दोपहर 3.00 बजे – संघ स्वाध्याय
संध्या 5.00 बजे – दैवसिक प्रतिक्रमण
संध्या 6.30 – 7.15 बजे –सामायिक
संध्या 7.15 बजे – गुरूवंदना प्रशन मंच, आरती
रात्रि 8.30 बजे – वैय्यावृत्ति

**श्री दिगम्बर जैन समाज पंचायत सेवा समिति**
शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)

अध्यक्ष मनीष जैन 9425531401
मंत्री अमित गोइल 9424224257

## अरब एशिया देशों मे व्यापार बढाने पर डॉ. मणीन्द्र जैन दुबई में सम्मानित

**दुबई (विश्व परिवार)।** एशियन अरब चैंबर ऑफ कॉमर्स के चेयरमैन डॉ. मणीन्द्र जैन सऊदी अरब में मुस्लिम वर्ल्ड लीग के अध्यक्ष एवं क्राउन प्रिंस के सलाहकार मोहम्मद अब्दुल करीम अलीशा से उनके पैलेस में मिले तथा दोनों देशों भारत और सऊदी अरब के बीच में जो संबंध प्रधानमंत्री मोदी जी की पहल के कारण मजबूत हो रहे हैं उस पर चर्चा की गई। उसके पश्चात डॉ मणीन्द्र जैन दुबई में ताज होटल में एक भव्य समारोह में वहां के किंग के भाई शेख नहयान बिन मबारक अल-नहयान के साथ में अवॉर्ड फंक्शन में शामिल हुए। जिसमें दुबई के प्रमुख लोग उपस्थित थे। वहां डॉ जैन को अरब और एशिया के देशों के बीच में संबंध बढ़ाने के लिए अवार्ड देकर के सम्मानित किया गया।




श्री नितिन जी Dy Consulate General of india in Dubai, विवेक ओबेरॉय जो हमारे देश के एक्टर हैं, GBS के चेयरमैन चन्द शेखर, डॉ देव सोलंकी आदि भी कार्यक्रम में शामिल थे। डॉ मणीन्द्र जैन ने श्री डॉ सहित्य चतुर्वेदी FCA अजमल group को एशियन अरब चैंबर ऑफ़ कॉमर्स का जोनल डायरेक्टर अप्वॉइंट किया तथा उन्हें जीसीसी कंट्रीज में रीजनल डायरेक्टर्स अप्वॉइंट करने की अथॉरिटी का पत्र प्रदान किया। जिसकी सभी उपस्थित सज्जनों ने सर्वसम्मति से ताली बजाकर के खुशी जाहिर की।

अपने उद्बोधन में डॉ. जैन ने बताया कि किस प्रकार 53 देशों के सदस्य गण मिलकर के आपस में व्यापार कर सकते हैं तथा एक दूसरे की तथा देशों की आर्थिक उन्नति में सहायता कर सकते हैं।

कैबिनेट मंत्री शाही परिवार से शेख नहयान ने भी अपनी स्पीच में भारत के और यूएई के संबंधों के बारे में चर्चा की तथा खुशी जाहिर की। विदित है कि डॉ. जैन पूर्व विदेश राज्य मंत्री श्री कृष्णा राव के पश्चात एशियन अरब चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के चेयरमैन अप्वॉइंट किए गए हैं। -**अनुष्का शर्मा**

## संक्षिप्त समाचार

### खूब पिये पानी, बढ़ती गर्मी के साथ लू से बचाव है जरूरी : सीएचएमओ



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** जिले में तेज गर्मी को देखते हुए हीट वेव या लू से बचाव एवं स्वस्थ रहने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इससे बचाव करने के लिए विशेष सावधानी की आवश्यकता होती है। इस बारे में जानकारी देते हुए जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया कि तेज़ धूप में लंबे समय तक रहने से शरीर में पानी एवं खनिज -लवण की कमी हो जाती है जिसे लू की स्थिति कही जाती है। सिर में भारीपन, शरीर में तेज दर्द, तेज बुखार, चक्कर, उल्टी आना, कमजोरी आना, बार बार मुंह सूखना, पेशाब कम आना अथवा बेहोशी ये कुछ लक्षण हैं जो लू को प्रकट करते हैं। लू लगने पर सर में गीले कपड़े की पट्टी लगाना उचित होगा अधिक से अधिक ओ आर एस घोल दिया जाए। मरीज के शरीर को ठंडे पानी से पोछना चाहिए। अधिक से अधिक ठंडा पेय दिया जाए। उल्टी, तेज़ सर दर्द को स्थिति में मरीज को तत्काल अस्पताल ले जाना चाहिए। जहाँ तक लू से बचाव का सम्बंध है तो जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट श्वेता शर्मा के अनुसार इस हेतु व्यक्ति को कोशिश करनी चाहिए कि, वह घर से कम ही बाहर निकले, बाहर जाने की स्थिति में स्वयं को कपड़ों से ढँक कर रखे। कपड़े मुलायम और सूती हों तो अच्छा रहेगा। इसके अतिरिक्त लगातार पानी और अन्य पेय पदार्थ का सेवन करते रहना चाहिए। उल्टी, सर दर्द, तेज़ बुखार की स्थिति में चिकित्सक से संपर्क किया जाए। किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्थिति में तत्काल अस्पताल में संपर्क करें। इस हेतु जिला कंट्रोल रूम का नंबर 7727223532 जारी किया गया है।

### तहसीलदार सूरज बंछोर ने दो एकड़ सरकारी जमीन को कराया कब्जा मुक्त

**नवापारा राजिम ( विसं )।** स्थानीय नवापारा तहसीलदार सूरज बंछोर के मार्गदर्शन में फिर एक बार मंगलवार को बड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध अतिक्रमण किये भू ङ्क भाग को कब्ज़ा मुक्त कराया गया. राजस्व अधिकारियो द्वारा उक्त कार्यवाही समीपस्थ ग्राम पंचायत पारागांव में की गई. जहाँ सवा 2 एकड़ शासकीय भूमि में अवैध बाउंड्रीवाल सहित 2 निर्माणाधीन मकान का कब्जा हटाया गया. उक्त कार्यवाही के दौरान नवापारा नायब तहसीलदार सूरज बंछोर, नायब तहसीलदार आलोक वर्मा, अशोक जंघेल, नवापारा टीआई अवधराम साहू सहित तमाम आला अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे.

## अवैध कब्जा हटाने की मांग को लेकर कुर्रा के ग्रामीणों ने किया चक्काजाम, प्रशासन ने चलाया अवैध कब्जे पर बुलडोजर



**नवापारा राजिम ( विश्व परिवार )।** अभनपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुर्रा में के ग्रामीणों ने सोमवार को सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा के विरोध और उसे तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग को लेकर अभनपुर-नवापारा मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया. जिससे कुछ समय के लिए आवागमन प्रभावित रहा. ग्रामीणों द्वारा अभनपुर-नवापारा मुख्य मार्ग पर चक्काजाम की खबर के बाद प्रशासन हरकत में आया और मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन देकर चक्काजाम खत्म करने का अनुरोध किया, लेकिन ग्रामीण कब्जा हटाने की मांग पर अड़े रहे. जिसके बाद प्रशासन ने जब तत्काल अवैध कब्जों को हटाने की कार्रवाई की तब जाकर ग्रामीणों ने चक्काजाम ख़त्म किया. कुर्रा ग्रामवासियों के मुताबिक, गांव के ही कुछ लोगों ने गांव में स्थित करोड़ो की सरकारी जमीन पर बेजा कब्जा कर लिया था, जिसे हटाने की मांग करने के बावजूद प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा था.

गौरतलब है कि, अभनपुर-नवापारा मुख्य मार्ग रायपुर से देवभोग मुख्य मार्ग पर स्थित है, जो छत्तीसगढ़ को उड़ीसा से जोड़ता है. इसके चलते इस मार्ग पर प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में सवारी बसें, भारी वाहन और लोगों का चौबीसों घंटे आना-जाना लगा रहता है. ग्रामीणों के चक्काजाम के चलते मार्ग पर कई गाड़ियां कुछ समय के लिए फंसी रही. चक्काजाम खत्म होने के बाद तेज गर्मी की वजह से हलाकान हो रहे लोगो ने राहत की सांस ली.

कार्यवाही को लेकर ग्रामीणों ने किया था पहले भी तहसील का घेराव- ज्ञात हो कि उक्त मामले में कार्यवाही को लेकर कुर्रा गाँव के ग्रामीणों ने पहले भी गोबरा नवापारा तहसील का घेराव किया था. जहाँ अधिकारियो द्वारा जल्द कार्यवाही करने की बात कहीं गई थी लेकिन कार्यवाही होते ना देख गुस्साए ग्रामीणों ने सोमवार को चक्काजाम कर दिया जिसके बाद प्रशासन द्वारा इस मामले की गंभीरता को देखते हुए कब्ज़ा हटाने की कार्यवाही की और फिर पुलिस बल की मदद से मौके पर पहुँच अवैध कब्ज़ा हटाया गया. उक्त कार्यवाही के दौरान नवापारा नायब तहसीलदार सूरज बंछोर, नायब तहसीलदार आलोक वर्मा, नवापारा टीआई अवधराम साहू सहित तमाम आला अधिकारी कर्मचारी, कार्यवाह सरपंच, कोटवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे.

**क्या कहते हैं तहसीलदार बंछोर :** उक्त मामले में नवापारा नायब तहसीलदार सूरज बंछोर ने कहाकि सम्बंधित जगह से अवैध कब्ज़ा हटाने की कार्यवाही की गई.

## ग्रामीणों की हत्या के विरोध में बंद रहा बस्तर, सर्वआदिवासी समाज ने जताया था विरोध



**जगदलपुर ( विसं )।** बस्तर के बीजापुर जिले के ग्राम पीडिया में विगत 10 मई को पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ को सर्व आदिवासी समाज की ओर से फर्जी बताने के साथ ही उस मामले की निष्पक्ष जांच कराने के समर्थन में आज बस्तर बंद का आव्हान किया गया था जो शांतिपूर्ण रहा। हालांकि बंद को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल भी जगह-जगह तैनात किया गया था।

सर्वआदिवासी आदिवासी समाज का कहना है कि घटना के दिन मारागुमेड तेंदूपत्ता खरीदी फंड में ग्रामीण तेंदूपत्ता खरीदने तो कुछ बेचने के लिए गए हुए थे। अचानक से पुलिस टीम को आता देख ग्रामीण डर के चलते भाग खड़े हुए। पुलिस की टीम ने चारों ओर से ग्रामीणों को घेर लिया।कुछ ग्रामीण पेड़ पर चढ़ गए और कुछ झाड़ियों के पीछे छुप गए।

ग्रामीणों के द्वारा स्वयं को नक्सली न होने की बात भी बताई गई किन्तु इसके बाद भी पुलिस टीम ने ग्रामीणों को गोली मारी। इसी मामले की जांच को लेकर सर्व आदिवासी समाज ने आज मंगलवार को बस्तर बंद कराया था।

## आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु 29 व 30 मई को दो दिवसीय महाअभियान का आयोजन

**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत छूटे हुए समस्त हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु 29 एवं 30 मई 2024 को दो दिवसीय महाअभियान का आयोजन जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से एपीएल राशन कार्डधारी परिवार को 50 हजार रुपए तथा बीपीएल राशन कार्डधारी परिवार को 05 लाख रुपए तक के नि:शुल्क उपचार की सुविधा प्रदान की जाती है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आयुष्मान कार्ड होना आवश्यक है। वर्तमान में जिले में 183676 हितग्राहियों आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु शेष हैं। जिला प्रशासन ने जिले के आम जनता को महाअभियान के दौरान अपने और अपने परिवार के समस्त सदस्यों का आयुष्मान कार्ड अवश्य बनाने की अपील की है। योजना से संबंधित अन्य जानकारी के लिए अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ता व मितानिन से संपर्क कर सकते हैं।

## मतगणना ड्यूटी में लगे कर्मचारियों के पहले चरण का रेण्डमाइजेशन किया गया



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत हुए मतदान के बाद 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारियां तेज हो गई है। आज जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान की मौजूदगी में मतगणना ड्यूटी में लगे कर्मचारियों के पहले चरण का रेण्डमाइजेशन पूरा हुआ। दो विधानसभा क्षेत्र बलौदाबाजार एवं भाटापारा के लिए 14-14 टेबल एवं विधानसभा क्षेत्र कसडोल के लिए 21 टेबल लगाए गए है जिसमें मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर शामिल है। जिसमें से 120 प्रतिशत कर्मियों का रेण्डमाईजेशन किया गया है। रेण्डमाइजेशन के दूसरे चरण में अब मतगणना में नामित कर्मचारियों को विधानसभा क्षेत्र का आबंटन होगा। इसके बाद तृतीय चरण में कार्मिकों को गणना टेबल आबंटित होगी। कलेक्टर ने बताया कि मतगणना से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी तरह दुरुस्त हैं। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर भूपेंद्र अग्रवाल, अमित गुप्ता, नितिन तिवारी, एनआईसी जिला सूचना अधिकारी एस एन प्रधान, जिला सांख्यिकी अधिकारी सुमीत मेरावी प्रोग्रामर ओंकार वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## रेलवे स्टेशन में अधिक मूल्य में सामग्री बेचने की मिली शिकायत, विभिन्न दुकानदारों को लगाया गया जुर्माना



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** उपभोक्ताओं के शिकायत के आधार पर नापतौल विभाग बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा भाटापारा रेलवे स्टेशन के सभी स्टालों में विक्रय किए जा रहे उत्पादों की एमआरपी से संबंधित जांच किया गया। जिसमें प्लेट फॉर्म क्रमांक-3/4 स्थित स्टॉल एमपीएस नम्बर-3 में स्टिंग एनर्जी ड्रिंक, मात्रा 250 एमएल, घोषित एमआरपी 35 रुपए प्रति नग को स्टाल संचालक द्वारा एमआरपी से अधिक 45 रुपए प्रति नग में विक्रय करते पाया गया। स्टाल संचालक द्वारा गलती स्वीकार करते हुए 5 हजार रूपये जुर्माने की राशि विभाग में अदा किए है। उक्त कार्रवाई विधिक माप विज्ञान (पैकेज में रखी वस्तुएं) नियम 2011 के नियम 18(2) के उलंघन में प्रकरण दर्ज किया गया।

गौरतलब है कि विभाग को 27 मई 2024 को मुख्यालय रायपुर से शिकायत के संबंध में भाटापारा रेलवे स्टेशन में स्थित विभिन्न स्टॉलों द्वारा अधिक मूल्य में सामग्री बेचने की शिकायत मिल रही थी। इस हेतु 27 मई 2024 को मुख्यालय रायपुर से शिकायत के संबंध पत्र प्राप्त हुआ था जिस पर कर्रवाई करते हुए आज सुबह 11 बजे रेलवे स्टेशन में सघन जांच किया गया। इसके साथ ही नाप तौल विभाग द्वारा एमआरपी के संबंध में पूरे जिले में लगातार जांच किया जा रहा है। सरसीवा, बयां, रिकोकला, भाटापारा अर्जुनी आदि के गावों में स्थित दुकानो का भी जांच किया गया। जांच के दौरान एमआरपी से अधिक में सामान बेचने पर अर्जूनी के साहू ढाबा का प्रकरण दर्ज कर 5 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया है।

## कलेक्टर ने मतगणना की तैयारियों के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से की बैठक

**जगदलपुर ( विसं )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के.ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना की तैयारियों और व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी। उन्होंने बताया कि लोकसभा क्षेत्र के सभी डाक मत पत्रों की गणना धरमपुरा स्थित मतगणना स्थल में की जाएगी, 4 जून को सुबह 8 बजे से डाक मत पत्रों की गिनती दस टेबल में की जाएगी। इसके अलावा जिले के तीनों विधानसभा के मतों की गिनती 8.30 बजे से किया जाएगा। मतगणना के लिए 14-14 टेबल की व्यवस्था किया गया है। लोकसभा के अन्य विधानसभा में मतगणना सुबह आठ बजे से प्रारंभ होगी। राजनीतक दलों के मतगणना अभिकर्ता को एक घंटे पहले मतगणना केंद्र में उपस्थित होने कहा गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवीण वर्मा ने

## छत्तीसगढ़ी फिल्म भुलावे झन मया ल का पोस्टर रिलीज




**कोरबा ( विश्व परिवार )।** घंटाघर में स्थित साहित्य सदन में छत्तीसगढ़ी फिल्म भुलावे झन मया ल का ऑफिशियली पोस्टर रिलीज की गई। समारोह में वरिष्ठ पत्रकार कमलेश यादव, ख्याति प्राप्त कवि शायर मो यूनुस डेनियल पूरी, दिलीप अग्रवाल, नागेश ठाकुर साथ ही फिल्म के निर्माता पुरुषोत्तम कश्यप फिल्म के संपादक मुकेश स्वर्णकार फिल्म के कलाकार और गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

फिल्म के निर्माता पुरुषोत्तम कश्यप ने बताया की बहुत संघर्ष के साथ ये फिल्म को पूरा कर पाए

फिल्म के निर्देशक क्रांति शर्मा ने बतलाया की 28 दिन में फिल्म की शूटिंग पूरी लगाई पूरी यूनिट ने कड़ी मेहनत की फिल्म पूर्ण हो कर सेंसर के लिए भेजी गई है जो 5 जून तक हो जायेगी साथ ही फिल्म सिनेमा घरों में शीघ्र प्रदर्शित की जाएगी।

फिल्म के कलाकार है परितोष सिंह बघेल, रामेश्वरी पटनायक, पुष्पा शांडिल्य, नरेंद्र काबरा, विनय अम्बष्ठ, दीपा महंत, तरुण बघेल, बबली महंत, सूरज श्रीवास, पहेली चौहान, घनश्याम श्रीवास, पुष्पा रोज, सौम्या मानिकपुरी सीमा तिवारी, जितेंद्र वर्मा, मनोहर लाल, आदि है पूरे कार्यक्रम का संचालन किया जितेंद्र वर्मा जी ने।

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्रकरण क्र. 110 दिनांक 22.05.2024
वार्ड का नाम- रविशंकर शुक्ल वार्ड
वार्ड क्र. 13 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 13 मांग **पंजी क्र. 758 युआईडी 17334** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **आफताब खान / खान** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **मोहम्मद तुफैल / मो. बदरूद्दीन** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **21-06-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्रकरण क्र. 112 दिनांक 28.05.2024
वार्ड का नाम- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड
वार्ड क्र. 2 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 2 मांग **पंजी क्र. 135 युआईडी 10937** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **रमेशिया बाई / शंकर मेहर** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **उत्तरा पुरान्डे / गणेश पुरान्डे** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **27-06-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223**
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

*आम-सूचना*

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत **धनसुली** रायपुर में स्थित भवन क्रमांक **एल.आई.जी.-304, श्रीमती रेखा महेश्वरी पति श्री सी.एल. महेश्वरी** के नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक-**1527** दिनांक **16.05.2008** द्वारा आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक **31.05.2010** को **लीजडीड** पंजीकृत उपरांत आबंटी **श्रीमती रेखा महेश्वरी पति श्री सी.एल. महेश्वरी** की मृत्यु दिनांक **25.08.2021** को हो जाने के कारण उनके **नामिनी/पुत्री सुश्री दीक्षा महेश्वरी ( रामटेके ) पिता श्री चरण लाल महेश्वरी** निवासी- म.नं.-100-बी, राधिका नगर, भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसके अनुसार नामांतरण किया जाना है।

अत: उक्त फ्लैट का **नामांतरण** के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./11550/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 28-05-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 11550
वार्ड का नाम- 16 - वीर शिवाजी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107I00098** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SUDHAKAR SANJAY PRABHAT** पिता/पति, श्री/श्रीमती **M.R. BALHAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SONI KUMARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SANJAY KUMAR JHA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./11707/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 28-05-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 11707
वार्ड का नाम- 16 - वीर शिवाजी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107L489AF** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VASUDEV PATEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KHIMJI BHAI PATEL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **RAM CHARAN JAISWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MEWA LAL JAISWAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./11703/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 28-05-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 11703
वार्ड का नाम- 16 - वीर शिवाजी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107L489AE** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VASUDEV PATEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KHIMJI BHAI PATEL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **PRIYANKA JAISWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PRIYANK KUMAR JAISWAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./11714/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 28-05-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 11714
वार्ड का नाम- 16 - वीर शिवाजी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107L489AG** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VASUDEV PATEL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KHIMJI BHAI PATEL** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **VINAY PRABHAKAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SUNIL PRABHAKAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**श्री हितेन्द्र यादव**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक- ( 1 )**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्रकरण क्र. 109 दिनांक 22.05.2024
वार्ड का नाम- भारत माता वार्ड
वार्ड क्र. 30 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 30 मांग **पंजी क्र. 30 युआईडी 26758** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **रामचन्द्र देवांगन / संतराम देवांगन** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **मोहम्मद तुफैल/ मोहम्मद बदरूद्दीन** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **21-06-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्रकरण क्र. 111 दिनांक 28.05.2024
वार्ड का नाम- शहीद कौशल यादव वार्ड
वार्ड क्र. 6 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 6 मांग **पंजी क्र. 206 युआईडी 12493** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **गोपाल प्रसाद / बलराम चंद्राकर** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **1. कुमारी बाई / 2. भारती चंद्राकर / 3. आरती चंद्राकर / गोपाल प्रसाद** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **27-06-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्रकरण क्र. 113 दिनांक 28.05.2024
वार्ड का नाम- मो. अब्दुल रउफ वार्ड
वार्ड क्र. 28 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 28 मांग **पंजी क्र. 714 युआईडी 33110** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **राजकुमार मनुजा, सुमन मनुजा/ चेलाराम मनुजा, विनोद मनुजा** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **1. हर्षा मेहता/ मनोज मेहता/ 2. रीना मेहता/ सुनील कुमार मेहता/ 3. समता मेहता/ अनिल कुमार मेहता** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **27-06-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जल्द ही ई हास्पिटल सेवा होगी शुरू

## मरीज के लिए दवाई और जांच की प्रक्रिया भी ऑनलाइन होगी




**कोरबा (विश्व परिवार)।** जिलेवासियों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिलने वाली है. यहां मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जल्द ही ई हास्पिटल सेवा शुरू होगी. इस सेवा के शुरू होने से न सिर्फ मरीजों को जांच रिपोर्ट के लिए पैथोलेब का चक्कर काटने से राहत मिलेगी, बल्कि वो पंजीयन पर्ची में लिखे बार कोड और केस कोड की मदद से अन्य इलाज भी करा सकेंगे. साथ ही मरीज से संबंधित सारी जानकारी ऑनलाइन होगी, जिसे डॉक्टर एक क्लिक कर देख सकेंगे. मरीज के लिए दवाई और जांच की प्रक्रिया भी ऑनलाइन होगी.शासन ने मेडिकल कालेज अस्पतालों को पेपरलेस बनाने की योजना तैयार की है. इस योजना के तहत मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में ई हॉस्पिटल सेवा शुरू करने पहल की गई है. इसमें स्व. बिसाहूदास महंत मेडिकल कॉलेज अस्पताल का नाम भी शामिल है. शासन की ओर से ई हॉस्पिटल सेवा शुरू करने के प्रथम चरण में विभिन्न कार्यों के लिए 75 लाख रुपये की मंजूरी दी गई है। प्रबंधन स्वीकृत राशि का उपयोग करते हुए ई हॉस्पिटल सेवा के लिए जरूरी सुविधा और संसाधन जुटाने में लगी है. संभावना जताई जा रही है कि एक महीने के भीतर योजना लागू कर दी जाएगी.मेडिकल कॉलेज अस्पताल में वर्तमान में मरीजों को पंजीयन के लिए लंबी कतारें लगानी पड़ती है. वो किसी तरह पर्ची हासिल कर ओपीडी में डॉक्टर के पास पहुंचते हैं, जहां डॉक्टर द्वारा पंजीयन पर्ची में ही दवा और जांच लिखा जाता है. जिसे लेकर मरीज और परिजन पैथोलेब पहुंचते हैं. उन्हें सैंपल देने के बाद जांच रिपोर्ट के लिए चक्कर लगाना पड़ता है.

## ठेका मजदूरों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**कोरबा (विश्व परिवार)।** भारत सरकार के एलसीए व भामसं नेता सुरेंद्र पांडेय ने कुसमुंडा आकर श्रमिक संगठनों की बैठक ली। इस बैठक में ठेका मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए विचार विमर्श किया गया। संयुक्त सलाहकार सदस्यों ने अपने-अपने विचार में कहा कि ठेका मजदूरों को निर्धारित वेतन दिए जाने की जरूरत है। उनकी हाजिरी भी बायोमेट्रिक प्रणाली से होनी चाहिए। इसके अलावा उन्हें इलाज की सुविधा भी दी जाए। कई बार देखने में आया है कि दुर्घटना होने पर ठेका मजदूर इलाज के लिए भटकता है। उचित इलाज के अभाव में कई बार ठेका मजदूर अपंग भी हो जाते हैं। इस बैठक में ठेका मजदूरों के बच्चों को दिए जाने वाले सुविधाओं को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक में अमिया मिश्रा, हिरेंद्र चंद्रा, रमेश मिश्रा, ए.के. अंसारी, अरूण झा, मिलन पांडेय, विरेंद्र टंडन, अजीत सिंह, समार सिंह व साजी जॉन उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर आकाश ने ली सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**जांजगीर-चांपा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले में यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए जरूरी उपायों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। बैठक में खराब सड़क, पुल, पुलिया का मरम्मत, दुर्घटनाजन्य क्षेत्र में विशेष सांकेतिक लगाने, मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। दुर्घटना वाले क्षेत्र, सड़क के आसपास तत्काल चिकित्सा सुविधा, एम्बुलेंस प्रदान करने की निर्देश सीएमएचओ को दिए। ब्लैक स्पॉट पर रोशनी करने, रेडियम रिफ्लेक्टर लगाने, खराब एवं गड्ढे युक्त सड़को को मरम्मत किए जाने, सड़क दुर्घटनाओं के कारणों संबंध में चर्चा हुई एवं आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में पीडब्ल्यूडी को जिले में निर्माणधीन रोड में प्रगति लाकर जल्द से जल्द पूर्ण करने कहा। बैठक में सड़क किनारे दोनो ओर पेड़ पर रेडियम लगाने कहा। यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए नियमानुसार ड्रायविंग लायसेंस निलंबन, निरस्तीकरण करने कहा। उन्होंने सड़को से आवारा मवेशी को अभियान चलाकर हटाने कहा। मुख्य मार्गों में बेतरतीब खड़े वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने कहा। बैठक में कहा कि नियमित रूप से स्कूल, कालेज में एवं चौक चौराहों, व्यस्त मार्गो के समीप सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जाए।

### प्रोफेसर के सूने मकान से 5 लाख की चोरी

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर के सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने धावा बोल दिया। इस दौरान चोरों ने उनकी आलमारी में रखे सोने-चांदी के गहने समेत करीब पांच लाख का माल पार कर दिया। शिकायत पर पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। घटना कोनी थाना क्षेत्र की है। सेंदरी के अरपा ग्रीन कॉलोनी निवासी सूर्यभान सिंह गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। बीते 24 मई की शाम करीब पांच बजे परिवार सहित अपनी बहन से मिलने के लिए उत्तर प्रदेश के सोनभद्र गए थे। इस दौरान मकान सूना था और ताला बंद था। रविवार की सुबह उनके पड़ोसी यशवंत पटेल ने उन्हें फोन कर बताया कि उनके घर का दरवाजा खुला है और ताला टूटा हुआ है। खबर मिलते ही वह शाम को अपने घर पहुंचे। तलाशी लेने पर पता चला कि अंदर कमरों में सामान बिखरे पड़े थे और आलमारी का लॉक भी टूटा हुआ था। उसके अंदर बैग में रखे एक तोला वजनी सोने की चूड़ी, डेढ तोला वजनी सोने की हार, ढाई तोला वजनी सोने की चेन, सात अंगूठी, झुमका, कान के टाप्स, मंगलसूत्र, कान की बाली, नथनी, मांग टीका, सोने की पायल, चांदी की चार पायल, चांदी की मछली, सिक्के, चांदी की हार सहित अन्य सामान गायब मिले। इसकी सूचना उन्होंने कोनी पुलिस को दी।

### प्रशासन के द्वारा एक ही दिन में रोके गए दो बाल विवाह

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री रोहित व्यास के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम बाल विवाह रोकने हेतु सक्रिय है। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रमेश साहू के समक्ष लड़की के माता पिता ने लिखित शिकायत किया की उनकी बालिका जो 19 वर्षिय की है। उसे उनके रिशतेदार अपने 18 वर्षिय पुत्र से विवाह हेतु ले आये है और 05 जून को उसका विवाह कर देने वाले है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल को निर्देशित किया की जांच करें और कार्यवाही करें। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने पुलिस महिला बाल विकास विभाग, चाईल्ड लाईन की संयुक्त टीम के साथ ग्राम सतपता विश्रामपुर गई। संबंधित स्कूल से दस्तावेजों का परीक्षण करने पर पता चला की बालकों का उम्र मात्र 16 वर्ष 09 माह हुआ है। घर जाकर घरवालों से भी शैक्षणिक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा तो कक्षा 05 वीं का अंक सूची प्रस्तुत किया गया उसमें भी बालक का जन्म तिथि वही निकला। लड़की का कथन लड़के के पिता का कथन, पंचनामा तैयार किया गया और लड़की का विवाह संपन्न ना हो इस लिए ले जाकर सखी वन स्टाप सेंटर सूरजपुर में संरक्षित किया गया। बालिका को समझाइस दी गई की उनका विवाह यदि हो जाताा है तो बालिका को सजा हो जायेगा तब जाकर बालिका विवाह नहीं करने को तैयार हुई। दूसरा प्रकरण प्रतापपुर विकास खण्ड़ के दुरूस्त रेंवटी के पास के ग्राम रामपुर में एक 19 वर्षिय बालक के मण्डप गाड़ने और बारात उत्तर प्रदेश जाने की सूचना पर प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती संतोषी सिंह के साथ सेक्टर सुपरवाईजर श्रीमती सावित्री गुप्ता पुलिस बल के साथ ग्राम पहुंचे जहां दस्तावेज का परिक्षण पश्चात समझाइस दिया गया। परिजन विवाह रोकने को तैयार हो गये और मण्डप उखाड़ दिये, दो वर्ष हो जाने के बाद ही विवाह करने की बालक का दस्तावेज तैयार किया गया।

# दीपका परियोजना के प्रभावित गांव में कराया सुरक्षा बल के जवानों का मार्च पास्ट

**एसईसीएल प्रबंधन जबरदस्ती मकान खाली कराने अपना रहा कई हथकंडे**

**कोरबा (विश्व परिवार)।** साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) दीपका परियोजना के प्रभावित गांव मलगांव व अमगांव में सीआइएसएफ व त्रिपुरा राइफल्स (टीएसआर) के जवानों का मार्च कराया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि भू- विस्थापितों की ओर से मुआवजा लेने से इंकार करने और मकान खाली नही करने के बाद उन्हें डराने-धमकाने का काम किया जा रहा है। विरोध को दबाने के लिए मार्चपास्ट कर डरा रहे हैं। दीपका परियोजना के प्रभावित ग्राम मलगांव की परिसंपत्तियों का मुआवजा का मामला विवादित है और सुर्खियों में बना हुआ है। प्रबंधन जबरदस्ती मकान खाली कराने के लिए कई हथकंडे अपना रहा। दूसरी ओर एसईसीएल गेवरा क्षेत्र में अर्जित ग्राम अमगांव के आश्रित मोहल्ला दर्राखांचा के मकानों का नापी पूर्ण किया जा चुका है, किंतु नापी का मूल्यांकन पावती देने में आनाकानी किया जा रहा है क्योंकि प्रबंधन मुआवजा में कटौती करना चाह रही है जिसका भारी विरोध से सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम पंचायत अमगांव के एक मोहल्ला जोकाही डबरी के मकानों का वर्ष 2014- 15 में मूल्यांकन किया गया था। राजस्व विभाग द्वारा बेवजह अपात्र घोषित कर दिए जाने का खामियाजा भुगत रहे भू-विस्थापितों को अभी तक मुआवजा का भुगतान नहीं हो पाया है। इसके खिलाफ जनवरी माह से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। यहां के 93 प्रभावितों की मुआवजा लंबित है और प्रबंधन व प्रशासन एक दूसरे पर जिम्मेदारी थोप रहे हैं। उन्होंने कहा कि जोकाही तालाब का मेड़ रात के अंधेरे में काट दिया गया, इसके विरोध में ग्रामीणों ने खदान विस्तार को रोक दिया। दिन में ग्रामवासियों के विरोध के कारण मिट्टी हटाने का काम बंद हो जाता है, इसलिए रात के अंधेरे में मशीन लगाकर मिट्टी की कटाई किया जाता है।

# रोली खन्ना ने बालिका सशक्तिकरण अभियान के तहत वितरित किया 123 जेम गर्ल्स को नाइट सूट

**कोरबा (विश्व परिवार)।** एनटीपीसी कोरबा में श्रीमती रोली खन्ना दिन मैत्री महिला समिति अध्यक्ष द्वारा एनटीपीसी कोरबा में शामिल होने के पहले दिन ही एनटीपीसी कोरबा के बालिका सशक्तिकरण अभियान के तहत जेम गर्ल्स से बातचीत कर 123 जेम गर्ल्स को नाइट सूट वितरित किया। 25 मई 2024 को श्रीमती रोली खन्ना ने ईडीसी, कोरबा का दौरा किया। श्रीमति कस्तूरी मैत्रा, श्रीमती मीता भट्टाचार्य, श्रीमती कीर्ति साठे और मैत्री महिला समिति (एमएमएस) की अन्य सदस्य काफिले ने जेम गर्ल्स के साथ बातचीत कर उन्हें अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं के बारे में निर्णय ले सशक्त बनाने हेतु शिक्षित किया। सभी जेम गर्ल्स की लड़कियों को उनके आरामदायक नाइटवियर के रूप में नाइट सूट उपहार में दिए गए। मैत्री महिला समिति ने लड़कियों को अपने बारे में विशेष महसूस कराया। जेम गर्ल्स के साथ उनकी समावेशी भागीदारी उन्हें दिन-ब-दिन बेहतर से और बेहतर बन दुनिया में एक बेहतर इंसान बनने के लिए प्रोत्साहित करती है। साथ ही वे सफलता और खुशी के लिए प्रयास करने के लिए आगे बढ़ती है। इसी सत्र में 27 मई को, एनटीपीसी कोरबा ने बैच 2024 की जेम गर्ल्स के लिए रविवार अभ्यास के रूप में एक अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित की गयी। शिक्षकों और अभिभावकों के बीच यह बातचीत जीईएम गर्ल की प्रगति के बारे में बात करने में मदद करती है। जेम गर्ल्स के माता-पिता इस बैठक को बहुत उपयोगी और सकारात्मक पाते हैं, क्योंकि यह अवसर उन्हें प्रश्न पूछने और विचार साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करता है, ताकि माता-पिता और शिक्षक लड़कियों के सीखने और प्रगति यात्रा में भागीदार बन सकें। इस सत्र ने न केवल लड़कियों को प्रेरित किया गया बल्कि उनकी शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी मजबूत किया गया।

# ट्रेंकुलाइज कर रेस्क्यू किए गए बीमार तेंदुए की इलाज के दौरान मौत

**कोरबा (विश्व परिवार)।** कटघोरा वन मंडल की ऐतमा वन परिक्षेत्र के ग्राम कोनकोना में ट्रेंकुलाइज किए गए तेंदुए की मौत हो गई है। बीमार तेंदुआ के इलाज के लिए वन विभाग में ट्रेंकुलाइज कर रेस्क्यू किया था। तेंदुए को बेहोश अवस्था में पिंजरे में डाल कटघोरा वन मंडल के केसेनिया डिपो में रखा गया था। यहां कानन पेंडारी बिलासपुर के पशु चिकित्सक डॉक्टर चंदन अपनी टीम के साथ तेंदुए का इलाज कर रहे थे। रविवार रात करीब 9.30 बजे तेंदुए को कानन पेंडारी शिफ्ट कर दिया गया। बताया जा रहा है कि यहां देर रात को तेंदुए ने दम तोड़ दिया। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पहले माना जा रहा था कि तेज गर्मी की वजह से तेंदूआ हीट स्ट्रोक का शिकार हो गया है बाद में इलाज के दौरान एक्जाइटिस की बीमारी से ग्रसित होना पाया गया। वन विभाग के अफसर का कहना है कि पांच साल का तेंदुआ वयस्क था। काफी सुस्त होने की वजह से उसके शिकार की आशंका थी। साथ ही इलाज करना आवश्यक था। इसलिए तेंदुआ का रेस्क्यू किया गया था। यह बताना होगा कि कोनकोना के जंगल में तेंदुआ को खेत में सुस्त हालत में टहलते रविवार की सुबह ग्रामीणों ने देखा था। करीब आठ दिन पहले चैतमा वन परिक्षेत्र के राहा गांव में बछड़े का शिकार किए जाने से नाराज एक किसान ने जहर देकर तेंदुए को मार डाला था।

# कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक

**सोसायटियों में पर्याप्त मात्रा में रहे खाद-बीज भंडारण - कलेक्टर**

**जांजगीर-चांपा (विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर श्री छिकारा ने जिले में खाद व बीज भंडारण की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को पर्याप्त खाद-बीज भंडारण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि खेती किसानी के कार्य को ध्यान में रखते हुए खाद एवं बीज का अग्रिम उठाव हो जाए। खाद एवं बीज को लेकर किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। उन्होंने इस दौरान समय सीमा के प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने एवं निर्माण कार्यों को बारिश के पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री छिकारा ने बैठक में मतगणना के संबंध में आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने मतगणना में संलग्न अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिए जाने, मतगणना स्थल पर आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने शाला प्रवेशोत्सव को लेकर आवश्यक तैयारियां करने, स्कूलों में समर कैम्प का सतत निरीक्षण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि बारिश के पूर्व स्वास्थ्य विभाग, नगरीय निकाय, पंचायत, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मिलकर आवश्यक तैयांरियों के साथ कार्य करें। उन्होंने नालियों की सफाई, ओव्हर हेड टैंक सहित जल भराव के स्थानों की साफ-सफाई, कीटनाशक दवाओं छिड़काव कराने सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक में उन्होंने सड़क दुर्घटना वाले स्थानों का चिन्हांकन करते हुए वहां आने वाले तकनीकी दिक्कत को दूर करने, स्पीड ब्रेकर बनाने सहित आवश्यक सांकेतिक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बारिश के पूर्व पौधरोपण की तैयारियों समीक्षा करते हुए कहा कि उद्यानिकी एवं वन विभाग महात्मा गांधी नरेगा के माध्यम से प्रस्ताव भेजकर नर्सरी तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बारिश में मॉडल ब्लाक प्लांटेशन, स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण वाटिका तैयार करने, इसके अलावा विभिन्न विभागों में बाउंड्रीवाल के भीतर पौधरोपण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत गांव में जलापूति सुनिश्चित की जाए और जहां पर हैण्डपंप, बोरवेल खराब है उनका सुधार किया जाय।

# विलुप्त प्रजाति के लंबी चोंच वाले गिद्धों को बचाने हो रही कवायद



**कोरबा (विश्व परिवार)।** प्राकृतिक संसाधन से भरपूर कोरबा के जंगल विलुप्त होने की कगार पर खड़ी कई प्रजातियों के पशु-पक्षियों के रहवास स्थल भी हैं। इसमें लंबी चोंच वाले गिद्ध भी शामिल हैं। इस प्रजाति के कटघोरा वनमंडल के जटगा स्थित एक पहाड़ी पर 50-51 गिद्ध मिले हैं, जो पहाड़ी के ओट में रहते हैं। वाइल्ड लाइफकी नजर इन गिद्धों को बचाने पर है। इसके लिए गिद्धों के प्राकृतिक संरक्षण और बचाव के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम करने वाली संस्था आईयूसीएन आगे आई है। वाइल्ड लाइफसे संबद्ध इस संस्था की टीम वनमंडल कटघोरा के उस पहाड़ी का दौरा भी कर चुकी है जहां गिद्धों का रहवास स्थल है। टीम ने गिद्धों को लेकर पहाड़ी के आसपास रहने वाले लोगों के साथ बैठक भी की थी। इनके संरक्षण और बचाव को लेकर बातचीत किया। टीम ने इस कार्य में वन विभाग से भी मदद मांगी। क्षेत्र में इस इंजेक्शन की बिक्री न हो इस पर नजर रखने के लिए वन विभाग से अपील किया ताकि विलुप्तता की कगार पर खड़ी गिद्धों के इस प्रजाति को बचाई जा सके। भारत में गिद्धों की 9 प्रजातियां पायी जाती हैं। सभी प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर खड़ी हैं। इसमें कटघोरा के जटगा पहाड़ी पर पायी गई लंबी चोंच वाले गिद्ध भी शामिल हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में भी इस प्रजाति के गिद्ध रहते हैं, जिन्हें इंडियन लांग्स वील्ट वल्चर के नाम से जाना जाता है। यह प्रजाति तेजी से विलुप्त हो रही है इसका बड़ा कारण पांच साल की आयु में इनमें प्रजनन क्षमता को विकसित होना और एक बार जोड़ा बना लेने के बाद जीवन भर साथ रहने के साथ एक वर्ष में एक ही अंडा देना है। इससे इनकी संख्या में बढ़ोतरी नहीं हो रही है। विलुप्त होने की कगार पर खड़े गिद्धों को बचाकर उनकी संख्या बढ़ाने के लिए वाइल्ड लाइफकी टीम प्रयास कर रही है। जटगा के पहाड़ में रहने वाले इन गिद्धों पर नजर रखने के लिए वाइल्ड लाइफकी योजना गिद्धों के शरीर पर एक कम्प्यूटराइज्ड चिप लगाने की है, ताकि इनके उड़ान और इनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा सके और इनकी आबादी को बढ़ाई जा सके। कोरबा जैसे जगह पर गिद्धों के मिलने से वन विभाग के साथ-साथ पूरी दुनिया के लिए एक उम्मीद की किरण नजर आ रही है।

## बीमार तेंदुए को वन विभाग ने रेस्क्यू कर भेजा कानन पेंडारी

**कोरबा (विश्व परिवार)।** कटघोरा वन मंडल की ऐतमा वन परिक्षेत्र के ग्राम कोनकोना में एक देखा गया। हाव भाव से बीमार नजर आ रहे तेंदुआ के शिकार की आशंका बनी थी। वन विभाग ने सुरक्षा और इलाज के लिए तेंदुआ को रेस्क्यू कर पकड़ा और कानन पेंडारी भेजा गया है। कोनकोना के जंगल में तेंदुआ को खेत में टहलते देख ग्रामीणों और वन विभाग में सुबह को हड़कंप मच गया। कुछ दिन पहले चैतमा वन परिक्षेत्र के राह में तेंदुए की हत्या के बाद थी अलर्ट तेंदुए पर नजर रखे जाने लागये गए थे। कैमरे घटना की सूचना पर वन विभग की टीम मौके पर डीएफओ निशान में खुद से संभाला मोर्चा घण्टो रेस्क्यू करने के बाद तेंदुए को पकड़ा गया। बिलासपुर कानन पेंडारी से बुलाई गई थी टीम को पशु चिकित्सक को भी बुलाया गया। मौके पर जहां तेंदुए को भीषण गर्मी हीट स्ट्रोक के चलते बीमार होना बताया गया कटघोरा डीएफओ निशांत कुमार ने बताया कि सुबह नौ बजे से सूचना ग्रामीणों के द्वारा मिली जहां मौके पर पहुंच बिलासपुर से टीम बुलाकर तेंदुए को पकड़ा गया है जहां उच्च अधिकारियों की निगरानी में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# संपादकीय

## कारावास का तात्पर्य सुधारना

देश में चल रही खुली जेलों के दायरे को कम करने का कोई प्रयास नहीं किए जाने का निर्देश सुप्रीम कोर्ट ने दिया है। अर्धखुली या खुली जेल व्यवस्था के तहत दोषियों को आजीविका कमाने के लिए दिन में परिसर से बाहर काम करके शाम को वापस लौटने की अनुमति दी जाती है। अदालत ने राजस्थान, महाराष्ट्र, केरल व पश्चिम बंगाल को निर्देश दिया कि वे खुले सुधार संस्थानों की स्थापना, विस्तार व प्रबंधन पर अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं, लागू नियमों, दिशा-निर्देशों और अनुभव को राष्ट्रीय कानून सेवा प्राधिकरण के साथ साझा करें। खंडपीठ ने उल्लेख किया कि जेलों व कैदियों से संबंधित मामलों में न्याय मित्र वकील ने बताया कि केंद्र सरकार आदर्श मसौदा नियमावली के तहत खुले शिविरों/संस्थाओं/जेलों का नाम खुले सुधारात्मक संस्थान किया गया है। इन जेलों का मकसद न्यूनतम बंदिशों में कैदियों को समाज से तालमेल बिठाने व बाहर सामान्य जीवन जी कर मनोवैज्ञानिक दबाव कम करना है। सबसे बड़ी अदालत पहले भी कह चुकी है कि खुली जेलों की स्थापना जेलों में भीड़ का समाधान हो सकती है। इससे कैदियों के पुनर्वास के मुद्दे का समाधान भी हो सकता है। जैसा कि इन जेलों में चुनिंदा कैदियों को रहने की इजाजत होती है। उनके आचरण व अनुसाशन पर सख्त नजर रखी जाती है। जो कैदी तीन बार पैरोल पर जा चुके हों या जमानत से मिली अस्थाई रिहाई के दौरान उनके खिलाफ कोई शिकायत या अनुचित आचरण की कोई शिकायत न हो, उन्हें भी यहां रखा जाता है। जाहिर है, यह दोषियों के सुधार व उन्हें मौका देने का सकारात्मक तरीका है। ऐसा करने से निन्संदेह हालात बेहतर होंगे और जेल को उस तरह से परिभाषित नहीं किया जाएगा कि वहां जाने के बाद कैदी सुधरने के बजाय बिगड़ जाते हैं। इन क्षेत्रों को सीमित करने के पीछे सरकार की मंशा को भी समझना जरूरी है। अपने यहां यूं भी जेलों में सीमा से बहुत ज्यादा कैदी होने के चलते व्यवस्थागत दिक्कतें आती रहती हैं। किसी भी दोषी या सजायाफ्ता को सुधार का मौका अवश्य दिया जाना चाहिए। कई बार देखेने में आता है, अपराधियों को अपने कृत्य पर ग्लानि होती है और वे पक्षतावा भी करते हैं। दूसरे, विचाराधीन कैदियों का भी मनोवैज्ञानिक तौर पर सहयोग होना जरूरी है। कारावास का तात्पर्य उन्हें सुधारना न हो, न कि जघन्य अपराधी बनने की तरफ धकेलना।

## विशेष लेख

# नई सरकार गठन पर पूरी दुनिया की नजर

डॉ. दिलीप चौबे

भारत में अगले महीने की शुरुआत में सरकार गठन का काम संपन्न होगा जिस पर पूरी दुनिया की नजर है। भारत का भरोसेमंद दोस्त रूस चाहेगा कि नई सरकार की नीतियों में निरंतरता कायम रहे। वहीं दूसरी ओर अमेरिका और पश्चिमी देश इस बात पर नजर रखेंगे कि अगला विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार कौन बने। कहना न होगा कि एस. जयशंकर को लेकर पश्चिमी देश असहज हैं। लेकिन फिर भी उनका मानना है कि जयशंकर के साथ काम किया जा सकता है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल उन देशों की आंखों में किरकिरी बने हुए हैं। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को लेकर अमेरिका ने जो जाल बुना है उसका निशाना डोभाल ही हैं। यदि नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते हैं तो उनके सामने यह सवाल होगा कि नया राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार किसको बनाएं। डोभाल की आयु करीब 80 साल है जो एनएसए के बड़े दायित्व को निभाने में बाधा बन सकती है। हालांकि उनके अनुभव और कार्यदक्षता को देखते हुए उनकी भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हो सकता है कि मोदी डोभाल को किसी अन्य दायित्व के साथ सलाहकार बनाए रखें तथा एनएसए के रूप में किसी अपेक्षाकृत कम आयु के व्यक्ति को नियुक्त करें। इस नई व्यवस्था में भी इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में सरकार की नीतियों की धार बनी रहे। विदेश मंत्री के रूप में जयशंकर की नियुक्ति प्राय- निश्चित है। प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में अमेरिका ने विदेश मंत्री नटवर सिंह को पद से हटाने के लिए दबाव डाला था। तत्कालीन सरकार ने कथित घोटाले के नाम पर नटवर सिंह को उनके पद से हटा दिया था। इस पूरे घटनाक्रम का उल्लेख स्वयं नटवर सिंह ने अपनी पुस्तक में किया है। दशकों पूर्व जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल में पश्चिमी देशों ने कृष्ण मेनन को भी ऐसे ही निशाना बनाया था। लेकिन मोदी सरकार किसी दबाव में झुकेगी इसकी संभावना नहीं है। इस बीच जयशंकर ने एक राजनीतिक नेता जैसे तेवर अपना लिये हैं। अपने ताजा साक्षात्कार में उन्होंने 'इंटरनेशनल खान मार्केट गैंग' का उल्लेख किया। यह गैंग भारत में ऐसे ही तत्वों के साथ मिलकर सरकार की नीतियों को प्रभावित करने की कोशिश करता है। जयशंकर के अनुसार इस गैंग में पश्चिमी देशों की मीडिया, बुद्धिजीवी वर्ग, थिंक टैंक और मझोले दर्जे के सरकारी अधिकारी शामिल हैं। यह पहले अवसर है कि जब जयशंकर ने मोदी विरोधी तबके में सरकारी अधिकारियों के शामिल होने की बात कही है। अमेरिका और पश्चिमी देशों के प्रशासन ने जयशंकर के इस कथन पर मिश्रित प्रतिक्रिया होगी। प्रकारांतर से जयशंकर ने इन देशों को आगाह किया है कि भारत की राजनीति में दखलंदाजी करने से बाज आएं। अमेरिका इस चेतावनी के मद्देनजर अपनी नीति में बदलाव करता है अथवा मौजूदा नीति पर ही अमल जारी रखता है, यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा। इस बीच चेक गणराज्य में गिरफ्तार निखिल गुप्ता की अमेरिका प्रत्यर्पण की कार्रवाई अंतिम चरण में है। गुप्ता के अमेरिका पहुंचने के बाद वहां अदालती कार्रवाई तेज हो जाएगी। अमेरिका पन्नू की कथित हत्या के प्रयास के सिलसिले में प्रथम साजिशकर्ता के प्रत्यर्पण की मांग भी कर सकता है। अमेरिका के अनुसार प्रथम साजिशकर्ता कथित रूप से भारत की विदेश खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) का अधिकारी था। नई सरकार अमेरिकी की इस मांग को निश्चित रूप से ठुकरा देगी। भारत औरैअमेरिका के द्विपक्षीय संबंध बहुत हद तक इस बात पर निर्भर करेंगे कि इस पेचीदा मामले से कैसे निपटा जाए। इस बीच चाबहार बंदरगाह और अफगानिस्तान फिर चर्चा में आ गए हैं। अफगानिस्तान के हुक्मरानों ने भारत चाबहार समझौते का स्वागत किया है। नए घटनाक्रम में रूस ने चेतावनी दी है कि अमेरिका इस्लामिक स्टेट जैसे आतंकवादी संगठनों को अफगानिस्तान और मध्य एशिया के देशों में फिर सक्रिय कर सकते हैं। ये आतंकी गुट रूस और ईरान को निशाना बना सकते हैं और चाबहार बंदरगाह और अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण गलियारे को निशाना बना सकते हैं।

# संवैधानिक व्यवस्था से ऊपर नहीं ममता

योगेंद्र योगी



कोर्ट ने सवाल किया कि कोई राज्य सरकार किसी व्यक्ति के हितों की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट कैसे आ सकती है। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने सीबीआई जांच का निर्देश देने वाले हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इनकार किया पश्चिम बंगाल की ममता सरकार देश में एकमात्र ऐसी सत्तारूढ़ पार्टी बन गई है जिसका देश के संविधान और न्यायपालिका में भरोसा नहीं रह गया है। भ्रष्टाचार से लेकर मनमर्जी का शासन चलाना मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का शगल बन गया है। ममता को सिर्फवोट बैंक की राजनीति नजर आती है, इसके लिए बेशक कानून की कितनी ही धज्जियां क्यों न उड़ानी पड़े। ममता बनर्जी का एकमात्र लक्ष्य मुसलमानों के वोट बैंक को बरकरार रखना रह गया है। मुद्दा चाहे रोहिंग्या मुसलामानों के अवैध प्रवेश का हो या फिर बांग्लादेशियों का, इसके लिए ममता ने देश की एकता-अखंडता और सुरक्षा से जुड़े इन मुद्दों पर भी केंद्र की भाजपा सरकार की खिलाफत की है। कानून से खिलवाड़ जितना पश्चिम बंगाल में हुआ है, उतना शायद ही देश के किसी दूसरे राज्य में हुआ हो। कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और कांग्रेस के हाईकमान ने भी कभी ऐसे आरोप केंद्र की भाजपा सरकार पर नहीं लगाए, जैसे कि ममता बनर्जी लगाती रही हैं। ममता ने भ्रष्टाचार, सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग, राजनीतिक आधार पर बंदरबाट जैसे मुद्दों पर अदालतों से जितनी फटकार खाई है, उतनी देश के किसी राजनीतिक दल की सरकार ने नहीं खाई। इतना सब कुछ होने के बावजूद ममता बनर्जी अपनी आदतों से बाज नहीं आई हैं। नया मामला पश्चिम बंगाल में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को अदालत द्वारा रद्द करने का है। इस आदेश को सदाशयता से मान कर अपील करने की दलील देने के बजाय मुख्यमंत्री ममता ने ही फैसला देने वाले हाईकोर्ट के न्यायाधीश पर भाजपा समर्थक होने का आरोप लगा दिया। ऐसा करके ममता ने बगैर किसी भय के सरेआम अदालत की अवमानना कर दी। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा है कि वह इस आदेश को स्वीकार नहीं करेंगी, जो तपशिली समुदाय को दिए गए अधिकार छीन लेगा। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस प्रशासन के तहत 2011 से बंगाल में जारी अन्य पिछड़ा वर्ग के सभी प्रमाणपत्रों को अवैध बताते हुए रद्द कर दिया। अदालत ने कहा, हालांकि, इससे वर्तमान में शैक्षणिक संस्थानों में नौकरी या सीटें रखने वाले या जाति प्रमाणपत्र के साथ आवेदन दाखिल करने वाले लोगों पर कोई असर नहीं पड़ेगा। पश्चिम बंगाल में ओबीसी आरक्षण की पूरी कहानी पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में गठित सच्चर कमेटी की रिपोर्ट पर आधारित है। उस रिपोर्ट में देश में मुस्लिम समुदाय की स्थिति के बारे में विस्तृत बातें की गई थीं। रिपोर्ट में कहा गया था कि पश्चिम बंगाल सरकार के कर्मचारियों में केवल 3.5 फीसदी ही मुस्लिम थे। इसी को आधार बनाकर 2010 में पश्चिम बंगाल की वाम मोर्चा सरकार ने 53 जातियों को ओबीसी की श्रेणी में डाल दिया और ओबीसी आरक्षण सात फीसदी से बढ़ाकर 17 फीसदी कर दिया। इस तरह उस वक्त करीब 87.1 फीसदी मुस्लिम आबादी आरक्षण के दायरे में आ गई। लेकिन, 2011 में वाम मोर्चा की सरकार सत्ता से बाहर हो गई और उसका यह फैसला कानून नहीं बन सका। फिर राज्य में तृणमूल कांग्रेस की सरकार आई और ममता बनर्जी मुख्यमंत्री बनीं। ममता की सरकार ने इस सूची को बढ़ाकर 77 कर दिया। 35 नई जातियों को इस सूची में जोड़ा गया, जिनमें से 33 मुस्लिम समुदाय की जातियां थीं। साथ ही तृणमूल सरकार ने भी राज्य में ओबीसी आरक्षण सात फीसदी से बढ़ाकर 17 फीसदी कर दिया। ममता सरकार के इस कानून की वजह से राज्य की 92 फीसदी मुस्लिम आबादी को आरक्षण का लाभ मिलने लगा। हाइकोर्ट ने ओबीसी के मामले में सरकार के फैसले को निरस्त कर दिया। इसके बाद तो

# निस्वार्थ सेवा और अडिग प्रतिबद्धता का प्रतीक: जितेंद्र दीक्षित

प्रस्तुति: डा अनिरुद्ध रावत-शिक्षाविद



वर्तमान स्थितियों को देखते हुए शिक्षक राजनीति आज बहुत आवश्यक है क्योंकि शिक्षा और राजनीति गहराई से जुड़े हैं। शिक्षक राजनीति के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में नीतियों का प्रभाव बढ़ाते हैं और शिक्षा प्रक्रिया में सुधार करने के लिए सरकार और समाज को प्रेरित करते हैं। वे शिक्षा के मानविकी आधार को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और न्याय, समानता और उत्कृष्टता के मूल्यों को बढ़ावा देते हैं। इसके अलावा, शिक्षक राजनीति द्वारा शिक्षा प्रणाली की सामाजिक, आर्थिक, और सांस्कृतिक प्रक्रियाओं में प्रभाव डालने में मदद करते हैं। आज की चर्चा एक येसे ही शिक्षक के बारे में है जो एक आदर्श शिक्षक के साथ साथ अद्भुत नेतृत्व कौशल रखते हैं। नाम है जितेंद्र दीक्षित जो झाँसी में बेसिक शिक्षकों के अधिकारों के प्रहरी के माने जाते हैं जितेंद्र दीक्षित:एक संघर्षशील शिक्षक नेता श्री जितेंद्र दीक्षित, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष, झाँसी, और पूर्व कॉपरेटिव बैंक डायरेक्टर, एक सम्मानित शिक्षक और समाजसेवी हैं। उनका जीवन शिक्षा, संघर्ष और समर्पण की मिसाल है, जिन्होंने अपने नेतृत्व और अदम्य साहस से शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जितेंद्र दीक्षित का जन्म झाँसी के मऊ क्षेत्र में हुआ। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मऊ के ही विद्यालयों में प्राप्त की। श्री दीक्षित की उच्च शिक्षा उनके शैक्षणिक समर्पण और उत्कृष्टता का प्रमाण है। उन्होंने सागर विश्वविद्यालय, मध्य प्रदेश से विज्ञान में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। अर्थशास्त्र में परास्नातक किया और विश्वविद्यालय में तीसरा स्थान प्राप्त किया। कैरियर की शुरुआत और संघर्ष स्नातकोत्तर शिक्षा के बाद, श्री दीक्षित ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (यूपीएससी) की तैयारी के लिए इलाहाबाद का रुख किया। इस दौरान उन्होंने गहन अध्ययन किया और कई महत्वपूर्ण ज्ञान और अनुभव प्राप्त किए।

### बीएड और विशिष्ट बीटीसी

1996: बीएड (बैचलर ऑफएजुकेशन) में चयन हुआ। विशिष्ट बीटीसी: विशिष्ट बीटीसी कर 1999 में बेसिक शिक्षा विभाग में नियुक्ति के लिए 21 दिन तक संघर्ष किया और अपने साथ 343 साथियों को भी नियुक्ति दिलाई। यह संघर्ष उनकी दृढ़ता और नेतृत्व क्षमता का प्रतीक है।

### सामाजिक सेवा और अन्य भूमिकाएँ:

1. दूर संचार विभाग में सलाहकार - श्री दीक्षित भारत सरकार से दूरसंचार झांसी में नामित सदस्य रहेउन्होने अपने कार्यकाल में मऊ के रेवन क्षेत्र में दूरसंचार केंद्र स्थापित कराया जिससे क्षेत्र के अमजनमानस को संचार की सुविधाओ से जोड़ने का कार्य हुआ । जिससे अनेक ग्रामीणों को लाभ हुआ।

### शिक्षक संघ में नेतृत्व प्रारंभिक भूमिका

1999 में, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष श्री दशरथ सिंह ने उनके कार्यों से प्रभावित होकर उन्हें जिला संघर्ष समिति का अध्यक्ष बनाया। यह उनके नेतृत्व की पहली महत्वपूर्ण भूमिका थी।

प्रदेश अध्यक्ष मा अभिमन्यु तिवारी जी से प्रेरणा: श्री दीक्षित, प्रदेश अध्यक्ष मा अभिमन्यु तिवारी जी के संघर्ष से प्रभावित होकर शिक्षक संघ में जुड़े। उन्होंने शिक्षक संघ के माध्यम से शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा और उनके हितों के लिए निरंतर कार्य किया।

### प्रमुख संघर्ष और आंदोलन

- पुरानी पेंशन बहाली के लिए आंदोलन: श्री दीक्षित ने पुरानी पेंशन योजना की बहाली के लिए जेल भरो आंदोलन, धरने और रैलियों का आयोजन किया।
- भ्रष्टाचार का निरंतर विरोध: विभाग में भ्रष्ट अधिकारियों और बाबुओं की गलत कार्यशैली का निरंतर विरोध किया।
- स्वाभिमान और संगठन: शिक्षकों को स्वाभिमान से कार्य करने और शिक्षक संघ में जुड़ने का संदेश उनकी प्राथमिकता है।

व्यक्तित्व और नेतृत्व गुण : श्री जितेंद्र दीक्षित का व्यक्तित्व उनके दृढ़ संकल्प, समर्पण और नेतृत्व गुणों का प्रतीक है। वे एक ऐसे नेता हैं जो हमेशा अपने साथियों के साथ खड़े रहते हैं और उनके अधिकारों के लिए लड़ते हैं। उनके इस समर्पण ने उन्हें शिक्षकों के बीच अत्यधिक लोकप्रिय और विश्वसनीय बना दिया है।

प्रमुख गुण- दृढ़ संकल्प: श्री दीक्षित की दृढ़ संकल्प शक्ति ने उन्हें कई कठिनाइयों का सामना करते हुए भी अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रखा।

समर्पण: अपने कार्य और शिक्षकों के हितों के प्रति उनका समर्पण अद्वितीय है।

नेतृत्व: उनके नेतृत्व में शिक्षक संघ ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं।

सहानुभूति: वे हमेशा शिक्षकों की समस्याओं को समझते हैं और उनके समाधान के लिए तत्पर रहते हैं।

श्री जितेंद्र दीक्षित के विचार शिक्षकों के शोषण के खिलाफ एक मजबूत और स्पष्ट संदेश देते हैं। उनका संघर्ष, समर्पण और नेतृत्व शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा के लिए एक मिसाल है। उनके विचार और कार्य हमें यह सिखाते हैं कि शिक्षकों का सम्मान, समानता और न्याय सुनिश्चित करना हमारे समाज की जिम्मेदारी है। श्री दीक्षित का यह दृष्टिकोण और उनकी संघर्षशीलता हर शिक्षक के लिए प्रेरणा है और शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करती है। दीक्षित जी का मानना है कि ईमानदारी एक व्यक्ति के सिद्धांतों और मूल्यों का आधार होती है।

ईमानदारी : वे कहते हैं, ईमानदारी किसी भी पेशे में सफलता का मूलमंत्र है। यह न केवल व्यक्ति की विश्वसनीयता बढ़ाती है, बल्कि उसे आत्म-संतोष और आंतरिक शांति भी प्रदान करती है।उनके विचार में, ईमानदारी से काम करने से पारदर्शिता और विश्वास की नींव मजबूत होती है। वे कहते हैं, जब हम ईमानदारी से काम करते हैं, तो हमारे सहयोगी और समाज हम पर विश्वास करते हैं। यह विश्वास ही किसी भी संगठन या समाज की सफलता की कुंजी है।

जितेंद्र दीक्षित ने हमेशा विभाग में भ्रष्टाचार का विरोध किया है। उनका कहना है, भ्रष्टाचार ईमानदारी का सबसे बड़ा दुश्मन है। हमें इसे जड़ से समाप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। एक ईमानदार व्यक्ति ही समाज में वास्तविक परिवर्तन ला सकता है।

निडरता: उनके अनुसार निडरता व्यक्ति के साहस और संघर्ष की क्षमता को दर्शाती है। वे कहते हैं, निडरता हमें किसी भी परिस्थिति का सामना करने और अपने अधिकारों के लिए लड़ने का साहस देती है। बिना निडरता के, कोई भी व्यक्ति अपने लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सकता।

### जितेंद्र दीक्षित के प्रमुख विचार

1. शिक्षक सम्मान: शिक्षक सम्मान का अधिकार रखते हैं। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि शिक्षकों को उनके योगदान के लिए उचित सम्मान मिले।
2. समानता और न्याय: शिक्षकों के साथ समानता और न्याय का व्यवहार होना चाहिए। हमें उनके अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए और उन्हें समान अवसर प्रदान करना चाहिए।
3. भ्रष्टाचार का विरोध: भ्रष्टाचार शिक्षकों के अधिकारों का सबसे बड़ा दुश्मन है। हमें इसे जड़ से समाप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए।
4. आर्थिक सुरक्षा: पुरानी पेंशन योजना की बहाली शिक्षकों की आर्थिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। हमें इसे पुन: स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।
5. स्वाभिमान और संगठन: शिक्षकों को स्वाभिमान से जीना चाहिए और संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए लड़ना चाहिए। एकता में शक्ति है, और हमें इसे समझना होगा।

श्री जितेंद्र दीक्षित के विचार शिक्षकों के शोषण के खिलाफ एक मजबूत और स्पष्ट संदेश देते हैं। उनका संघर्ष, समर्पण और नेतृत्व शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा के लिए एक मिसाल है। उनके विचार और कार्य हमें यह सिखाते हैं कि शिक्षकों का सम्मान, समानता और न्याय सुनिश्चित करना हमारे समाज की जिम्मेदारी है। श्री दीक्षित का यह दृष्टिकोण और उनकी संघर्षशीलता हर शिक्षक के लिए प्रेरणा है और शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करती है।

## लोकप्रियता के कारण

### 1. शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा

श्री दीक्षित हमेशा शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा के लिए अग्रणी रहे हैं। उन्होंने शिक्षकों के वेतन, प्रमोशन, और कार्य परिस्थितियों में सुधार के लिए कई संघर्ष किए हैं। उनका यह समर्पण शिक्षकों के दिलों में उनके प्रति सम्मान और विश्वास को बढ़ाता है।

### 2. भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई

श्री दीक्षित ने हमेशा विभाग में भ्रष्ट अधिकारियों और बाबुओं की गलत कार्यशैली का विरोध किया है। उनका निडरता और साहस से भ्रष्टाचार के खिलाफखड़ा होना, शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए उनका प्रतिबद्धता दर्शाता है। यह गुण उन्हें शिक्षकों के बीच बेहद लोकप्रिय बनाता है।

### 3. संगठन और नेतृत्व:

उनका नेतृत्व शिक्षकों के संघटन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने शिक्षकों को संगठित करके उनके अधिकारों की लड़ाई को मजबूत किया है। उनका नेतृत्व शिक्षकों के लिए प्रेरणा का स्रोत है और उनकी लोकप्रियता का एक प्रमुख कारण है।

### 4. संघर्ष और समर्पण

श्री दीक्षित का संघर्ष और समर्पण शिक्षकों के हितों के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने कई आंदोलनों का नेतृत्व किया है, जैसे पुरानी पेंशन बहाली के लिए जेल भरो आंदोलन, धरने और रैलियाँ। उनके इस संघर्षशील रवैये ने शिक्षकों के दिलों में उनके प्रति गहरी सम्मान और आदर की भावना पैदा की है।

### 5. व्यक्तिगत संपर्क और सहानुभूति

श्री दीक्षित व्यक्तिगत स्तर पर भी शिक्षकों से जुड़ते हैं। वे उनकी समस्याओं को सुनते हैं और उनके समाधान के लिए तत्पर रहते हैं। उनकी यह सहानुभूति और व्यक्तिगत संपर्क उन्हें शिक्षकों के बीच अत्यधिक लोकप्रिय बनाता है।

### 6. पारदर्शिता और ईमानदारी

इनकी ईमानदारी और पारदर्शिता उनके नेतृत्व को और भी विश्वसनीय बनाती है। वे अपने कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखते हैं और शिक्षकों के हितों के लिए निष्पक्षता से कार्य करते हैं। यह गुण शिक्षकों के बीच उनकी लोकप्रियता को बढ़ाता है।

### 7. निडरता व साहस

श्री दीक्षित की निडरता उन्हें अन्य नेताओं से अलग करती है। वे किसी भी परिस्थिति में शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा के लिए निडरता से खड़े रहते हैं। उनकी इस निडरता और साहस ने शिक्षकों के बीच उनके प्रति गहरा सम्मान पैदा किया है। श्री दीक्षित की सेवा भावना इतनी प्रबल है कि चाहे गर्मी हो या सर्दी, वे हमेशा शिक्षकों के कल्याण के लिए तत्पर रहते हैं। वे किसी भी कठिनाई या मौसम की परवाह किए बिना शिक्षकों की समस्याओं को सुलझाने के लिए हमेशा उपलब्ध रहते हैं। उनके इस समर्पण ने शिक्षकों के बीच एक आदर्श स्थापित किया है।

### व्यक्तिगत उदाहरण

श्री दीक्षित ने कई बार अपने व्यक्तिगत उदाहरणों से यह सिद्ध किया है कि एक सच्चा नेता किसी भी परिस्थिति में अपने कर्तव्यों से पीछे नहीं हटता। उनकी यह भावना उन्हें शिक्षकों के बीच अत्यधिक सम्मानित और प्रिय बनाती है।

### शिक्षा क्षेत्र में सुधार

उनका यह निश्चय कि किसी भी परिस्थिति में शिक्षकों के हितों की रक्षा की जाए, शिक्षा क्षेत्र में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उनका यह समर्पण न केवल शिक्षकों के लिए, बल्कि शिक्षा प्रणाली के समग्र विकास के लिए भी लाभदायक है।एक शिक्षक के रूप में वह अपने विद्यालय में गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सदा प्रयासरत रहते हैं।श्री दीक्षित की दृढ़ता और निडरता शिक्षकों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वे अपने कार्यों से यह सिद्ध करते हैं कि एक सच्चे नेता को किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। उनकी यह गुण शिक्षकों को आत्मविश्वास और साहस प्रदान करती है। वे हमेशा शिक्षकों की समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने के लिए तत्पर रहते हैं। उनकी सहानुभूति और संवेदनशीलता शिक्षकों के बीच एक सकारात्मक माहौल बनाती है, जिससे शिक्षकों को अपने अधिकारों और कल्याण के लिए संगठित होकर काम करने की प्रेरणा मिलती है।

### संघर्ष और सामूहिकता

श्री दीक्षित का मानना है कि शिक्षकों के कल्याण के लिए सामूहिकता और संगठन की आवश्यकता है। वे हमेशा शिक्षकों को संगठित होकर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए प्रेरित करते हैं। उनका यह दृष्टिकोण शिक्षकों के बीच एकता और सामूहिकता को बढ़ावा देता है। जितेंद्र दीक्षित का मन हमेशा शिक्षक कल्याण में लगा रहता है, और उनकी प्रतिबद्धता किसी भी परिस्थिति से प्रभावित नहीं होती। चाहे गर्मी हो या सर्दी, उनका समर्पण, नेतृत्व और सहानुभूति शिक्षकों के लिए एक प्रेरणा का स्रोत है। उनका यह निश्चय कि किसी भी स्थिति में शिक्षकों के हितों की रक्षा की जाए, शिक्षा क्षेत्र में सुधार और शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्री दीक्षित का यह समर्पण और सेवा भावना उन्हें शिक्षकों के बीच अत्यधिक प्रिय और सम्मानित बनाता है।

### शिक्षकों को संदेश:

जितेंद्र दीक्षित जी का संदेश है कि शिक्षकों को स्वाभिमान के साथ अपने कार्य को निभाना चाहिए, लेकिन उन्हें सेवाओं को भी महत्व देना चाहिए। वे शिक्षकों को समझाते हैं कि सेवा देने में सम्मान का अद्भुत स्तर होता है, और इससे समाज में उनका महत्व और सम्मान बढ़ता है। उनका संदेश है कि सेवा करते समय भी शिक्षकों को अपने स्वाभिमान को संरक्षित रखना चाहिए, और उन्हें अपने कर्तव्यों के प्रति पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करना चाहिए। इससे न केवल उनका स्वाभिमान संरक्षित रहेगा, बल्कि वे भी अपने कार्य में संतुष्टि महसूस करेंगे और समाज के लिए सकारात्मक योगदान करेंगे।

### अन्य का विरोध आवश्यक क्यों?

दीक्षित जी के अनुसार, शिक्षकों के लिए अन्याय का विरोध करना जरूरी है क्योंकि यह उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए महत्वपूर्ण है। अन्याय के खिलाफ उठने से, वे अपने स्वाभिमान को संरक्षित रख सकते हैं और अपने कार्यों को सही समय पर संशोधित करने के लिए लड़ सकते हैं। यह भी उनके लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि अगर अन्याय अनिवार्य रूप से होता है, तो शिक्षकों का आत्मविश्वास और मोटिवेशन प्रभावित हो सकता है, जिससे उनका काम भी प्रभावित हो सकता है। इसलिए, अन्याय के खिलाफ उठना शिक्षकों के अधिकारों की सुनिश्चितता और समानता की रक्षा करता है, जो कि एक स्वस्थ और समृद्ध समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

निष्कर्ष- अंततः, श्री जितेंद्र दीक्षित का जीवन और कार्य समाज के लिए एक प्रेरणा है। उनके संघर्ष, समर्पण और नेतृत्व ने न केवल शिक्षकों के हितों की रक्षा की है बल्कि शिक्षा प्रणाली में भी सकारात्मक परिवर्तन लाए हैं। उनके अद्वितीय व्यक्तित्व और उनके द्वारा किए गए कार्य हमेशा याद किए जाएंगे और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे। श्री जितेंद्र दीक्षित जैसे नेताओं की आवश्यकता हर समाज को होती है, जो निस्वार्थ भाव से समाज की भलाई के लिए कार्य करें और दूसरों के लिए प्रेरणा बनें।

# मनुष्य के धैर्य की परीक्षा विपत्ति काल में ही होती है : मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज

**विदिशा ( विश्व परिवार )।** किसके जीवन में विपत्ति नहीं आती लेकिन विपत्ति में धैर्य से बड़ा और कोई साधन नहीं होता, मनुष्य के धैर्य की परीक्षा विपत्ति काल में ही होती है, जिस व्यक्ति के अंदर पेसन्स (धैर्य) होता है उस व्यक्ति के बिगड़े काम भी वन जाते है, और जो अपना पेसन्स (धैर्य) खो देता है उसका बना बनाया काम भी बिगड़ जाता है, इतना अवश्य है कि धैर्य रखने बालों की कभी हार नहीं होती। उपरोक्त उदगार मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने व्यक्त किये।



उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन मे विपत्तियों का तूफान आता है, जीवन में कोई भी तूफान आ जाऐ घबड़ाओ मत धैर्य पूर्वक उसका सामना करो और आगे बड़ो हर तूफान एक दिन शांत होता है, उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि सिर्फ व्यवाहरिक क्षेत्र में ही आपत्ति विपत्ति आती है, आध्यात्मिक क्षेत्र में भी यदि आपने अपना धैर्य नहीं रखा तो जो आप पाना चाहते हो वह आप पा नहीं पा पाओगे।उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से कथानक सुनाते हुये कहा कि शिष्य ने संत की बात का अनुकरण करते हुये आम का पौधा लगाया तो गुरुदेव ने कहा कि जाओ और आम तोड़कर ले आओ शिष्य ने गुरु की बात का अनुसरण करते हुये गया लेकिन आम लेकर नहीं आया और यह क्रम तीन चार बार चला पांचवीं बार जब गुरु ने शिष्य को कहा तो वह झुंझला गया तो गुरु ने उसे समझाते हुये कहा जैसे आम का पौधा समय पाकर के फलता है वैसे ही संसार का हर काम समय पाकर ही होगा, यदि आपने ज्यादा आकुलता की तो बना बनाया काम विगाड़ लोगे यदि अपने जीवन को सफल बनाना है तो धैर्य रखिये। जैन समाज के प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया मुनिसंघ का प्रवास आज विदिशा जिले की सीमा कस्वा बागरोद में श्री पारसनाथ जिनालय के संतभवन में हुआ।मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज के साथ पाठशाला प्रणेता मुनि श्री निर्वेग सागर जी महाराज, शंकासमाधान के संचालक मुनि श्री संधान सागर जी महाराज एवं पांच छुल्लक तथा बालव्रह्चारी स संघ का मंगल विहार विदिशा की ओर चल रहा है मंगलवार को कस्वा बागरोद में आहार चर्या एवं शंकासमाधान प्रतिदिन 6:20 पर लाईव कार्यक्रम के माध्यम से चल रहा है। गर्मी की प्रचंडता को देखते हुये मुनिसंघ का मंगल विहार प्रात:काल की बेला में 5:50 से शुरु होता है, 2 जून रविवार को विदिशा नगर में मंगल प्रवेश सम्भावित है। **-अविनाश जैन**

# धार्मिक शिक्षण शिविरों में हुई परीक्षा, शिक्षार्थियों ने उत्साह से भाग लिया

## 46 दिगम्बर जैन मंदिरों में चल रहे ग्रीष्मकालीन धार्मिक शिक्षण शिविरों का स्थानीय समापन आज बुधवार को

### गुरुवार को होगी रत्नाकर अवार्ड परीक्षा, सभी शिविरों का सामूहिक समापन 1 जून को बिड़ला आडिटोरियम में

**जयपुर ( विश्व परिवार )।** संत शिरोमणि आचार्य विद्या सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक श्रमण सुधासागर महाराज के आशीर्वाद से संचालित श्रमण संस्कृति संस्थान के अन्तर्गत संचालित संत सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय एवं अखिल भारतीय श्रमण संस्कृति महिला महासमिति द्वारा श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति के सहयोग से आचार्य विद्या सागर महाराज की उत्कृष्ट त्याग तपस्या को समर्पित उपकार महोत्सव के रूप में शहर के 46 दिगम्बर जैन मंदिरों में गत 15 मई से चल रहे 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन धार्मिक शिक्षण शिविरों में धार्मिक शिक्षा के साथ जीवन के नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों की दी गई शिक्षा की मंगलवार को सभी शिविरों में परीक्षा आयोजित की गई। इन परिक्षाओं में शिक्षण कर रहे सभी शिविरार्थियों ने उत्साह से भाग लिया।

संत सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय की अधिष्ठात्री शीला डोड्या ने बताया कि इन शिविरों में श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के 8 विद्वान एवं संत सुधा सागर महिला महाविद्यालय की 69 विदूषी बहनों एवं स्थानीय 212 महिला पुरुषों द्वारा पूजन प्रशिक्षण, जैन धर्म शिक्षा भाग1-2, छह ढाला, तत्वार्थ सूत्र, भक्तामर स्तोत्र 'द्रव्य संग्रह, इष्टोपदेश, रत्नकरण्डक श्रावकाचार, आदि का पाठन पठन मनन व व्याख्या, एवं अनेक धार्मिक गति विधियों द्वारा जैन धर्म का शिक्षण दिया गया।



श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति की अंचल अध्यक्ष शालिनी बाकलीवाल के मुताबिक इन शिविरों में पढ़ाए गये विषयों की मंगलवार 28 मई को स्थानीय परीक्षा हुई। इस परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले प्रशिक्षणार्थियों को स्थानीय मंदिर कमेटियों द्वारा बुधवार 29 मई को सायंकाल आयोजित होने वाले समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। इस मौके पर आचार्य विद्या सागर महाराज पर लघु नाटिका की प्रस्तुति भी दी जाएगी। प्रचार प्रसार संयोजक पदम चन्द बिलाला ने बताया कि जनकपुरी दिगम्बर जैन मंदिर में होने वाले समापन समारोह में शीला डोड्या मुख्य अतिथि होगी।

प्रचार प्रसार संयोजक विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक हर मंदिर से हर विषय में प्रथम आने वाले प्रशिक्षणार्थियों की पुन: परीक्षा गुरुवार 30 मई को संत सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय में पं रतन लाल बैनाडा की स्मृति में रत्नाकर पुरस्कार हेतु होगी।जिसका पुरस्कार 2100/- व शील्ड संस्थान द्वारा दी जाएगी। प्रत्येक शिविर स्थल पर बुधवार 29 मई को होने वाली आचार्य विद्या सागर महाराज के जीवन से संबंधित विषयों अथवा संस्मरणों पर 10मिनट की प्रस्तुति में से सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति को एवं अधिकतम प्रशिक्षणार्थियों की संख्या, अधिक विषयों का पाठन के आधार पर तीन श्रेष्ठ मंदिरों को बिड़ला आडिटोरियम में 01 जून को होने वाले सामूहिक समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

श्री जैन के मुताबिक इन शिविरों में बाल बोध मौखिक, बाल बोध प्रथम भाग, बाल बोध द्वितीय, तृतीय भाग, सिद्धांत प्रवेशिका भाग 2, छहढाला की कक्षा, द्रव्य संग्रह की कक्षा, रत्नकरण्डक श्रावकाचार की कक्षा, भक्तामर की कक्षा, इष्टोपदेश की कक्षा तत्वार्थ सूत्र की कक्षाऐं संचालित की गई।


धार्मिक मंत्री विनिता जैन एवं विद्युत लुहाडिया के मुताबिक इन शिक्षण शिविरों का सामूहिक समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह शनिवार, 01 जून को बिड़ला आडिटोरियम में सायंकाल 7.00 बजे से होगा। इस मौके पर शिविरार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

# साधु के जन्म और समाधि का महोत्सव मनाया जाता है : आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज

**आचार्य श्री ने शिक्षा गुरु आचार्य कल्प श्री श्रुत सागर जी की गृहस्थ अवस्था का एक संस्मरण बताया**

**बांसवाड़ा ( विश्व परिवार )।** महापुरुषो महान आत्माओं का जीवन और समाधिमरण मंगलकारी होता है आज के दिन आचार्य श्री वीर सागर जी से दीक्षित हमारे शिक्षा गुरु आचार्य कल्प श्री श्रुतसागर जी महाराज का समाधि दिवस है। आप सही मायने में श्रुत जिनवाणी के सागर रह कर नाम और साधु जीवन को सार्थक किया। संसारी प्राणी जन्म का महोत्सव मनाते हैं किंतु महान आत्माओ, महापुरुषों संयम दीक्षा लेकर जन्म और मृत्यु दोनों का मंगल महोत्सव मनाया जाता हैं।

यह मंगल देशना बांसवाड़ा की धर्म सभा में आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने विनयांजलि सभा में प्रगट किए। आचार्य श्री ने शिक्षा गुरु आचार्य कल्प श्री श्रुत सागर जी की गृहस्थ अवस्था का एक संस्मरण बताया कि श्री फागुलाल जी दोस्तों के साथ श्री सम्मेद शिखर की यात्रा करने गए शिखर जी में पारसनाथ भगवान की टोक स्वर्ण कूट पर सभी ने अपनी मनोकामना कागज पर लिखकर रखी, कुछ ने दीवाल पर अंकित की, दोस्तों के कहने पर फागुलाल जी ने भी अपनी इच्छा पेंसिल से दीवार पर लिखी कि मेरा सर्वनाश हो जाए दोस्तों के चकित होकर पूछने पर सहजता से फागुलाल जी ने कहा कि यह जीवन शाश्वत स्थाई नहीं है आत्म तत्व तभी प्राप्त होगा जब हम गृहस्थ अवस्था में नहीं रहेंगे और संयम दीक्षा धारण करेंगे मैंने संयम दीक्षा धारण करने की कामना की है फागुन माह में उत्पन्न होने के



कारण आपका नाम फागुलाल जी रखा गया। ओसवाल समाज में बीकानेर में आपका जन्म हुआ किंतु व्यापार व्यवसाय अपने कोलकाता में किया। श्रीमती गज्जू देवी छोगालाल जी के पुत्र फागुलाल जी का जन्म विक्रम संवत 1962 सन 1905 में हुआ। श्रीमती बसंती देवी के साथ विवाह के पश्चात आपके तीन पुत्र और तीन पुत्री हुए जिस वक्त अपने 1954 में आपने क्षुल्लक दीक्षा धरण की आपकी छोटी पुत्री सुशीला की उम्र मात्र 7 वर्ष की थी।वर्तमान मेंआर्यिका श्री श्रुत मति राजस्थान में धर्म प्रभावना कर रही है।आपकी पत्नी ने भी मुनि श्री गुण सागर जी महाराज से आर्यिका दीक्षा धारण की थी। हिमांशु एवम राजेश पंचोलिया अनुसार आप प्रथमाचार्य चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांति सागर जी महाराज के प्रथम मुनि शिष्य आचार्य श्री वीर सागर जी से काफी प्रभावित रहे।अपने 7 प्रतिमा एवं गृह त्याग का नियम वर्ष 1954 में लिया सन 1954 में ही अपने कार्तिक कृष्ण तेरस को क्षुल्लक दीक्षा ग्रहण की आपका नाम श्री चिदानंद सागर जी रखा गया। आप स्वाध्याय करते हुए मुनि दीक्षा के लिए निवेदन करते रहे क्योंकि मनुष्य जीवन की सार्थकता संयम धारण करने से होती है। आपने सन 1957 भादो सुदी तीज को आचार्य वीर सागर जी महाराज से मुनि दीक्षा धारण कर मुनि श्री श्रुत सागर जी हुए आप आचार्य वीर सागर जी महाराज के अंतिम मुनि शिष्य रहे।हमें भी यह सौभाग्य प्राप्त हुआ कि जब हमने सन 1968 में आचार्य श्री शिवसागर जी के संघ में प्रवेश किया तब हमें आपके चरण सानिध्य में शिक्षा धार्मिक शिक्षा प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। जयपुर खनिया जी में आचार्य शिवसागर जी के सानिध्य में तत्व चर्चा जैन धर्म के ही विभिन्न शाखों के मध्य हुई जिसमें सभी पक्ष के विद्वानों ने आचार्य शिवसागर जी महाराज की निष्पक्षता की प्रशंसा की।

आपने आचार्य श्री धर्म सागर जी महाराज से 27 अप्रैल 1976 को 12 वर्ष की नियम सल्लेखना धारण की।जयेष्ट माह की भीषण गर्मी में लूणवा जो की बालू रेत का रेगिस्तान है वहां पर आठ उपवास पूर्ण कर 9 वे दिन आपकी समाधि ज्येष्ठ कृष्ण पंचमी 6 मई सन 1988 को हुई।इस अवसर पर समाज द्वारा आचार्य संघ सानिध्य में विशेष पूजन किया गया।

# घरों में यंत्र रखना उचित नहीं है यंत्र तंत्र के चक्कर में मत पड़ो : मुनिश्री सुधासागर जी महाराज

**थूवोनजी चातुर्मास का निवेदन लेकर आई है दर्शनोदय थूवोनजी कमेटी : विजय धुर्रा**

### दर्शनोदय थूवोनजी कमेटी ने चातुर्मास हेतु श्री फल भेंट किए

**अशोक नगर ( विश्व परिवार )।** घरों में यंत्र रखना उचित नहीं है यंत्र मंत्र के चक्कर में मत पड़ो ये कुछ दिन लाभ दिखता है, अंत में नुकसान ही होता है आप मंत्रों की जाप कर सकते हैं मंत्रों के स्मरण का प्रभाव स्पष्ट दिखाई देता है आपके लिए मनुष्य पर्याय मिली है इसका महत्व समझे मनुष्य भव पुन: प्राप्ति हेतु- जितने कम में काम चलता है उतने कम में चलाओ, सदा विनयशील रहो तत्त्वार्थसूत्र ग्रन्थ राज में इसकी विधि है हमें कर्मो को नष्ट करना है कर्म को नष्ट करने का अभव्यों से अनन्तगुणे व सिद्धों के अनन्त वे भाग प्रमाण वर्गणाओं को जीव एक समय मे बांधता है, लेकिन ये कोई नियत नही है। डेढ़ गुण हानि प्रमाण- बांधता है, सत्ता में रहते है, निर्जरा को प्राप्त होता है, इसलिए भव्य व अभव्यों की अपेक्षा से कोई अलग से भेद नही किया उक्त आश्य केउद्गार मुनि पुगंव श्रीसुधासागरजी महाराज ने उपकार महोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए दमोह में जिज्ञासा समाधान के दौरान कहें।

इसके पहले मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि दर्शनोदय थूवोनजी कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू महामंत्री विपिन सिंघई जैन समाज के मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विनोद मोदी कोषाध्यक्ष सौरव वाझल आडिटर राजीवचन्देरी शिरोमणि संरक्षण संजीव श्रागर शैलेन्द्र ददा सहित पूरी कमेटी चातुर्मास का निवेदन लेकर आपके चरणों में आई है थूवोनजी कमेटी पिछले चौबीस वर्षो से प्रयास रत है और आचार्य श्री ने भी कहा था कि श्री सुधासागरजी महाराज थूवोनजी पहुंच गए तो थूवोनजी पचास वर्ष आगे निकल जायेगा हम सब इसी निवेदन को लेकर आपके चरणों में आयें है इस दौरान सुनील घेलू अशोक जैन ए पी जीवन मामा सानू जैन आशीष मोदी रानूमामा संजय जैन सहित अन्य भक्तों ने श्री फल भेंट किए इस दौरान कमेटी महामंत्री विपिन सिंघई ने कहा कि आचार्य श्री समय सागरजी महाराज के पास भी हम अपना निवेदन लेकर हमारे अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल और पूरी कमेटी कुंडलपुर पहुंची थी गुरु देव पूरे अंचल का एक एक व्यक्ति आपकी चरणों की राह देख रहा है।



इसके पहले मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ने कहा कि कल्याण आशीर्वाद से नहीं नमोस्तु से होगा अभिषेक के समय यंत्र विराजमान करने की परंपरा किसी भी आगम में नहीं आई। प्रतिष्ठा पाठों में कुछ यंत्रों के उल्लेख मिलते है। फिर भी मेरी दृष्टि से देव-गुरु का अभिषेक हो जाता है लेकिन शास्त्र का कैसे अभिषेक करे तो शास्त्र के मूलमंत्र होते है, बीजाक्षर यंत्र, अचल यंत्र, विनायक यंत्र इनका अभिषेक जिनवाणी का अभिषेक है इसलिए भट्टारको ने ये व्यवस्था बनाई यंत्र रख लेते हैं तो कोई दोष नहीं है, नही रखते तो कोई जरूरी नही। रखते समय इतना ध्यान रखें कि भगवान की मूर्ति ना ढके, लिटाकर या भगवान के पीछे भी रख सकते है यदि सिर्फ दूध का त्याग किया है तो छैना, मावे से बनी वस्तुये ले सकता है। यदि गौरस का त्याग किया है तो दूध, दही, घी सब चीजे उसमे आ जायेगी, जैसे जिसने शक्कर का त्याग किया तो गुण ले सकता है लेकिन मीठे का त्याग किया तो दोनो नही लेगा।

उन्होंने कहा कि हमारा मन किसी व्रत में लगता है उसके अनुसार व्रत नहीं पालना है, किस व्रत में मन लगाना चाहिए ये बात सही है। विशुद्धि हमारे उपादान पर आश्रित है व्यक्ति स्वाध्याय कर रहा है और पूजा नहीं कर रहा है तो वह ऐसा है जो पढ़ाई कर रहा है और परीक्षा नहीं दे रहा क्योंकि स्वाध्याय का अर्थ है तुम्हें जीवन की क्रिया कैसे करना है। स्वाध्याय जीवन का अंग नहीं, जीवन जीने की कला सीखाने का एक पैटर्न है। ज्ञान के लिए चारित्र नही है, चारित्र के लिए ज्ञान है और पूजा, जाप, अनुष्ठान चारित्र में आती है। स्वाध्याय करो लेकिन स्वाध्याय पूजा से बड़ा नही हो सकता। **-विजय धुर्रा**

# अब रंग और गंध से पौष्टिकता का कोई सम्बन्ध नहीं है : आचार्य श्री प्रसन्नसागर जी महाराज

**औरंगाबाद ( विश्व परिवार )।** अब रंग और गंध से पौष्टिकता का कोई सम्बन्ध नहीं है। रंग और गंध ऊपर से भी डाली जा सकती है। बस भोजन रंगीन दिखना चाहिए। उससे सुगन्ध आनी चाहिये। बस भोजन में मजा आ गया। आज के आदमी को विज्ञापन के बल पर कुछ भी खिलाया-पिलाया जा सकता है।



आचार्य श्री ने कहा कि जानवर वही खाता है, जो उसकी प्रकृति है। गाय जो घास खाती है, वो वही खायेगी। बकरी पत्ते और ऊट बबूल के काँटे खाता है, तो वो जीवन भर वही खायेंगे। उनका भोजन नहीं मिले तो भूखे सो जायेंगे परन्तु गलत चीज नहीं खायेंगे। लेकिन आदमी इतना ना-समझ, नादान और मूर्ख है। अपने पेट के लिये कुछ भी खाने को, पीने को कभी भी तैयार हो जाता है। फिर वो गुण और अवगुण को नहीं देखता है।

आज आदमी अण्डा, मांस, मछली, मीट, शराब सब कुछ पी-खा रहा है। टी.वी पर इन सब चीजों का खुल्लम-खुल्ला विज्ञापन दिखता है, अखबार में पढ़ता है और खाना शुरू कर देता है। मनुष्य प्रकृति से शाकाहारी है, मांसाहार मनुष्य की प्रकृति के अनुकूल नहीं है। मांसाहार का विकल्प, शाकाहार तो हो सकता है। लेकिन शाकाहार का विकल्प मांसाहार कभी नहीं हो सकता है। माँस को छोड़ने वाला, शाकाहार के बल पर पुरा जीवन जी सकता है। लेकिन शाकाहार को छोड़ देने वाला अकेले मांसाहार पर कभी नहीं जी सकता है।

**-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल**

# रेत के अवैध भंडारण पर खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई, 320 हाइवा रेत जब्त, दो को नोटिस जारी

**बिलासपुर ( विसं )।** बिलासपुर कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर खनिज अमला बिलासपुर ने ग्राम जोंधरा तहसील मस्तूरी में खनिज रेत के भंडारण का मौका जांच किया. जिसमें अशोक कर्ष निवासी अकलतरा के पास लगभग 120 हाईवा/1440 घन मीटर रेत भंडारित होना पाया गया. इसी तरह मेसर्स सुमन इंटरप्राइजेज के प्रो. जितेंद्र सिंह को स्वीकृत भंडारण अनुज्ञप्ति क्षेत्र में लगभग 200 हाईवा/2400 घन मीटर रेत भंडारित होना पाया गया. खनिकर्म विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दोनों प्रकरणों में मौके पर रेत भंडारण अनुज्ञप्ति संबंधी दस्तावेज और भंडारित रेत की वैधता प्रमाणित करने कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया. जिसके बाद छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 खान और खनिज(विकास एवं विनियमन) अधिनियम की धारा 21 छत्तीसगढ़ खनिज (खनन,परिवहन एवं भंडारण) नियम 2009 के तहत प्रकरण दर्ज कर भंडारित खनिज रेत को जब्त कर अवैध भंडारणकर्ता को 03 कार्य दिवस के भीतर दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किया गया. बता दें कि भंडारण अनुज्ञा के नियम और शर्तों का पालन नहीं करने के कारण अब तक 07 अनुज्ञप्तिधारियों को कारण बताओं नोटिस (SCN) जारी किया गया है. समाधानकारक जवाब प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में स्वीकृत खनिज रेत भंडारण अनुज्ञप्ति के निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी.



# जिले में 15 मई से 15 जून तक चलाया जा रहा मोतियाबिंद मुक्त अभियान

### अभियान के तीसरे चरण में अब तक चिन्हित 749 मरीजों में से 69 मरीजों का हुआ सफल ऑपरेशन

**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार बस्तर जिले में मोतियाबिंद मुक्त अभियान कार्यक्रम का तीसरा चरण 15 मई से 15 जून 2024 तक संचालित किया जा रहा है, जिसमें अब तक सभी विकासखण्डों में 749 मोतियाबिन्द मरीजों की सर्वे कर पुष्टीकरण की गई है। उक्त चिन्हित मरीजों में से 69 मोतियाबिन्द मरीजों का सफलतापूर्वक नि:शुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन किया गया है। वर्तमान में चिन्हित अन्य सभी मरीजों को लाभान्वित करने के लिए प्रयास किया जा रहा है। ज्ञातव्य है कि राज्य स्तर से गत वर्ष जिले को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु 4500 का लक्ष्य आबंटित किया गया था, जिसके विरुद्ध 4198 मरीजों का ऑपरेशन कर उन्हें लाभान्वित किया गया। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार जिले में अब पुन: मोतियाबिंद जांच एवं उपचार अभियान चलाया जा रहा है।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आरके चतुर्वेदी ने इस सम्बंध में बताया कि कलेक्टर द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बस्तर जिले को मोतियाबिन्द मुक्त जिला बनाने हेतु विशेष प्रयास करने के साथ ही नेत्र चिकित्सा के लिए स्थापित विशेष अस्पताल अंबक की सुविधाएं मरीजों को जरूरत के अनुसार प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर पूर्व में किये गए सघन सर्वे अभियान की तरह पुन: सघन मोतियाबिन्द सर्वे अभियान चलाया जा रहा है। इस दिशा में स्वास्थ्य विभाग के समस्त कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों को सघन सर्वे अभियान प्रारंभ कर नियमित रिपोर्टिंग करने के साथ ही संभावित मरीजों का सत्यापन कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल डिमरापाल एवं जिला महारानी अस्पताल में स्थित अंबक अस्पताल में आपरेशन करवाने के लिए निर्देश दिये गए हैं। ऑपरेशन के लिए मरीजों को लाने एवं घर तक पहुंचाने हेतु नि:शुल्क आवागमन सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं के द्वारा वर्ष 2023-24 में बस्तर जिला को मोतियाबिन्द मुक्त जिला बनाने हेतु निर्देश दिया गया था। उक्त परिप्रेक्ष्य में कलेक्टर बस्तर के निर्देशानुसार जिले में चलाये जा रहे मोतियाबिन्द मुक्त अभियान कार्यक्रम में कुल 4198 मरीजों का सफलतापूर्वक मोतियाबिन्द ऑपरेशन किया गया है। इस हेतु संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं रायपुर को मोतियाबिन्द मुक्त जिला बस्तर बनाने के लिए सत्यापन सम्बन्धी प्रस्ताव भेजा गया है। सीएमएचओ डॉ.चतुर्वेदी ने बताया कि कलेक्टर के द्वारा मोतियाबिन्द मुक्त कार्यक्रम की नियमित समीक्षा कर प्रभावी कियान्वयन हेतु सतत मार्गदर्शन प्रदान करने के फलस्वरूप बस्तर जिला अपने लक्ष्य को हासिल करने में सफल रहा है। कार्ययोजना अनुसार जिले के दुर्गम एवं दूरस्थ ईलाके के लोगों को सेवाएं सर्वप्रथम मिले इसकी हमेशा कोशिश कर संबंधित क्षेत्र के मरीजों को लाभान्वित किया गया। उन्होंने जानकारी में बताया कि इसी तरह विगत कुछ वर्षों से पूरे राज्य में मोतियाबिन्द ऑपरेशन हेतु बस्तर जिला प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहा है, जिसमें बस्तर जिले को मोतियाबिन्द ऑपरेशन हेतु उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित भी किया गया है। उक्त प्रोत्साहन से जिले के अधिकारी-कर्मचारियों और स्वास्थ्य अमले में उत्साह का संचार हुआ है जिससे निकट भविष्य में मोतियाबिंद मुक्त अभियान के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सकारात्मक प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

# मुनिश्री प्रशमसागर जी महाराज ससंघ तीन मुनिराज का होगा उदयपुर में चातुर्मास

### वर्षायोग की घोषणा से उदयपुर में हर्ष की लहर

**उदयपुर ( विश्व परिवार )।** वर्षा के चार माह अगर गुरुओं का सानिध्य प्राप्त हो तो उनकी साधना से श्रावकों का चित्त भी पवित्र हो उठता है और उदयपुर का यह सौभाग्य है कि वर्ष 2024 के वर्षायोग हेतु मुनि प्रशम सागर महाराज ससंघ ने सेक्टर 11 को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। भीलवाड़ा में मुनि प्रशम सागर जी महाराज के 47वें अवतरण दिवस पर आयोजित महोत्सव के अंतर्गत उक्त घोषणा की गई।



आयोजन में श्रावक श्राविकाएं हाथों में निवेदन की महिमा श्रीफल लेकर पहुँचे एवं विनम्र भावों से गुरु चरणों मे वर्षायोग की प्रार्थना की। दिगम्बर जैन समाज समिति के अध्यक्ष पारस चित्तौड़ा ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि उदयपुर में प्रतिवर्ष लगभग किसी न किसी सन्त का प्रवास बना ही रहता है।जुलाई माह में वर्षाकाल के प्रारंभ के साथ ही दिगम्बर जैन श्रमण वर्षा के अगले चार माह एक स्थान पर रुककर साधना करते है उसे वर्षायोग कहते है। उदयपुर वालो का सौभाग्य उदय में आया है। चर्या शिरोमणि आचार्य विशुद्ध सागरजी महाराज के सुयोग्य शिष्य प्रशम सागर मुनि साध्य सागर, मुनि शुद्ध सागर महाराज ने उदयपुर सेक्टर 11आदिनाथ भवन में 2024 चातुर्मास की सहमति दी। महामुनिराज के वर्षायोग का सौभाग्य झीलों की नगरी को मिलने जा रहा है।

आयोजित महोत्सव में उदयपुर आदिनाथ ट्रस्ट के पारस चित्तौड़ा के प्रतिनिधित्व में राकेश बोहरा, कमलकान्त जोलावत, सुरेश कुमार वखारिया, चन्द्रप्रकाश कारवा, विजय वाणावत, मोहनलाल विरदावत, हरिमोहन जैन, भूपेन्द्रसिंह चौधरी, भगवतीलाल रजावत, छगनलाल नागदा, रमेश चितौड़ा, विमल नाथुत, महावीर सिंघवी, भगवती लाल भोजावत, शान्ति लाल गोडलिया, हसमुख देवड़ा, गजेंद्र लखावला, दीपक जैन, ममता वजुआवत, विभा गाँधी, लक्ष्मीदेवी सिंघवी, आदिनाथ महिला मण्डल आदि समाज श्रेष्ठी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध खनिज परिवहन करते 6 वाहन जप्त

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार जिला खनिज जांच दल द्वारा विगत 22 मई को बस्तर जिले के अंतर्गत परपा, कोडेनार एवं कामानार क्षेत्र का औचक निरीक्षण में खनिज चूनापत्थर-गिटटी का अवैध परिवहन-उत्खनन कर रहे 6 वाहनों पर प्रकरण दर्ज कर पुलिस अभिरक्षा में सौंपी गई है। जिला खनिज अधिकारी श्री शिखर चेरपा ने इस बारे में बताया कि सभी 06 वाहनों में चूनापत्थर के अवैध परिवहन-उत्खनन करते हुए खनिज सहित जप्त किया गया है। उक्त जप्त सभी वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में सौंपकर सम्बन्धित वाहन मालिकों के विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही में जिला खनिज जांच उड़नदस्ता दल के खनिज निरीक्षक श्री मिदुल गुहा तथा खनिज सिपाही पाडिकेश्वर खरे, श्री सीताराम, नगर सैनिक श्री जलधर बघेल एवं श्री विकास नायक उपस्थित थे। उपरोक्त प्रकरणों में छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज विकास और विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 21 के अंतर्गत दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी। पूर्व में भी जिले के खनिज ठेकेदारों,खनिज उत्खननकर्ताओं और परिवहनकर्ताओं को निर्देशित किया गया था कि बिना वैध अभिवहन पास एवं वैध अनुमति के खनिजों का उत्खनन-परिवहन करना दण्डनीय अपराध है। इसके बावजूद अवैध परिवहनकर्ताओं एवं उत्खननकर्ताओं के द्वारा उपरोक्त कृत्य किया जा रहा है। अब पुनः इसी प्रकार के कृत्य करने पर सम्बन्धितों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जावेगी।इस दिशा में जिले के अंतर्गत खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के प्रभावी नियंत्रण हेतु खनिज अमला द्वारा विशेष जांच अभियान लगातार चलाया जायेगा।

### दो चोर पकड़ाये,चोरी का सामान बरामद

**धमतरी(विश्व परिवार)।** शहर कोतवाली थानाक्षेत्र में एक सूने मकान का ताला तोड़कर हजारों रूपयो के गहने की चोरी करने वाले दो चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा उनके पास से चोरी का सामान बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार सोहेल मलिक पिता रफीक खान उम्र 22 वर्ष साकीन ब्राम्हण पारा धमतरी ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनाँक 21.05.24 के सुबह 11 बजे अपनी माँ के साथ अपने बड़े पापा मोतीउर रहमान के घर जामा मस्जिद के पास धमतरी गये थे। दिनाँक 24.05.24 सुबह 10 बजे पड़ोसी शेख शमीरूल ने फ ोन करके बताया कि तुम्हारे घर के उपर का दरवाजा खुला है। जिसपर घर आकर देखा तो घर के कमरे में रखे आलमारी से करीबन 80 हजार रुपये के सोने चांदी के जेवरात एवं गुल्लक में रखे पैसे को अज्ञात चोर चोरी ले गया था। रिपोट पर थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 457, 380 भादवि के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रार्थी,गवाहो का कथन लिया गया एवं घटना स्थल का निरीक्षण कर,मुखबिर सूचना एवं आस पास के सीसीटीवी कैमरा एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात आरोपियों पतासाजी किया जा रहा था। इसी दौरान दिनाँक 26.05.24 को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति लक्की देवांगन व खिलेश्वर निर्मलकर सोहेब मलिक के मकान के पास 23.05.24 की रात्रि में घुमते देखे गये थे। सूचना पर दोनों को पकड़कर उनके पास से सोने चाँदी का जेवरात एवं घटना में प्रयुक्त सायकल व लोहे का रॉड जप्त किया गया तथा दोनों आरोपियों को विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### सनकी पिता ने चढ़ा दी चार साल के बेटे की बलि

**बलरामपुर रामनुजगंज(विश्व परिवार)।** जिले के शंकरगढ़ थानाक्षेत्र में एक युवक ने अपने 4 साल के मासूम बच्चे की गला काटकर बलि दे दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तारा कर लिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने हत्या से पहले परिजनों से कहा था कि वह किसी की बलि देगा। मिली जानकारी के अनुसार महुआडीह निवासी कमलेश नगेशिया (26) कुछ दिनों से बड़बड़ कर रहा था। इसके बाद शनिवार देर शाम वह चाकू लेकर घूम घर में घूमने लगा। परिजनों ने देखा तो उसकी मानसिक स्थिति को देखते हुए ध्यान नहीं दिया। रात को खाना खाने के बाद सब सोने के लिए चले गये। कमलेश नगेशिया की पत्नी भी दोनों बच्चों को लेकर कमरे में चली गई। सुबह करीब 4 बजे उसकी नींद खुली तो देखा कि बड़ा बेटा अविनाश (4) उसके बगल में नहीं है। इस पर उसने कमलेश से अविनाश के बारे में पूछा तो उसने बताया कि आंगन में बलि चढ़ा दी है। इतना सुनते ही कमलेश की पत्नी दौड़ते हुए आंगन में पहुंची तो वहां अविनाश का सिर कटा शव पड़ा हुआ था। पास ही एक मुर्गा भी मरा पड़ा था। पत्नी ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और आरोपी कमलेश को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने जब परिजनों से पूछताछ कर उनका बयान दर्ज किया गया है तो पता चला कि आरोपी दो दिनों से ही अजीब हरकत कर रहा था।

# बाढ़ आपदा प्रबंधन के लिए सजगता से करें कार्य : कलेक्टर

**उन्होंने बाढ़ आपदा से बचाव के लिए एक सप्ताह के भीतर पूर्वाभ्यास करने के निर्देश भी दिए।**



**कोण्डागांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कलेक्टोरेट में आयोजित बाढ़ आपदा प्रबंधन समिति की बैठक के दौरान जिले में बाढ़ आपदा प्रबंधन के लिए समय पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्था और तैयारी सुनिश्चित कर सजगता के साथ दायित्व निर्वहन करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बारिश के दिनों में बाढ़ के कारण कई पहुंचविहीन होने वाले क्षेत्रों में को बचाव व राहत पहुंचाने के लिए सम्बन्धित विभागों के साथ ही अन्य सभी विभागों के द्वारा समन्वय स्थापित कर त्वरित कार्यवाही किया जाये। उन्होंने बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष की स्थापना सहित प्रभारी अधिकारी की नियुक्ति तथा नियंत्रण कक्ष को 24 घण्टे संचालित करने के लिए कर्मचारियों की रोस्टर अनुसार डयूटी लगाये जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर दुदावत ने बाढ़ आपदा प्रबंधन हेतु वर्षामापी यन्त्रों की जांच कर चालू स्थिति में रखे जाने, मोटर बोट की उपलब्धता, लाइफ जैकेट-रस्सा, टार्च की व्यवस्था सहित प्रशिक्षित गोताखोर व तैराकों का चिन्हांकन कर रखे जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने बाढ़ आपदा से बचाव के लिए एक सप्ताह के भीतर पूर्वाभ्यास करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बाढ़ प्रभावित होने वाले इलाकों में नदी-नालों में जल स्तर पर निगरानी रखने सहित सूचना तंत्र को मजबूत बनाने, सम्बन्धित ईलाके के मैदानी अमले की मुख्यालय पर नियमित उपस्थिति, क्विक रिस्पॉन्स दलों की ड्यूटी लगाये जाने, नदी-नाले में जल स्तर ज्यादा होने पर बेरीकेटिंग कर लोगों का आवागमन रोकने सहित इन क्षेत्रों में अस्थायी राहत शिविरों के लिए स्कूल भवनों, सामुदायिक भवन या पंचायत भवनों का चिन्हांकन कर ऐसे स्थानों पर खाद्य सामग्री, पेयजल की व्यवस्था, बांस-बल्ली की उपलब्धता इत्यादि सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बाढ़ प्रभावित इलाकों में पेयजल स्रोतों का जल शुद्धिकरण हेतु हेण्डपम्पों का क्लोरीनेशन करने तथा पेयजल टंकियों की साफ-सफाई करने, विद्युत आपूर्ति के लिए त्वरित आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में नालियों पर कचरा एवं अन्य अपशिष्ट की साफ-सफाई किये जाने सहित निचली बस्तियों का मौका मुआयना कर बाढ़ की स्थिति में वैकल्पिक राहत शिविर के लिए सुरक्षित स्थानों का चिन्हांकन किये जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिले के सभी तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित करने सहित आपदा प्रबंधन समिति की बैठक आहूत कर आवश्यक व्यवस्था एवं तैयारी किये जाने कहा। उन्होंने जिले के पहुंचविहीन इलाकों के उचित मूल्य दुकानों में आगामी 4 महीने के लिए खाद्यान्न एवं अन्य जरूरी सामग्रियों का भंडारण करने के साथ ही स्वास्थ्य केंद्रों तथा स्कूल-आश्रमों में स्वास्थ्य कार्यकर्ता और शिक्षकों, मितानिनों के पास आवश्यक जीवनरक्षक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही चिकित्सा संबंधी आकस्मिक सहायता की त्वरित उपलब्धता के लिए कॉम्बेट टीम गठित किये जाने के निर्देश दिये।

# जंगल में मिला बजरंग दल के नेता एवं एक युवती का शव, हत्या की आशंका

**बलरामपुर(विश्व परिवार)।** कोतवाली थानाक्षेत्र के डुमरखी जंगल में सोमवार सुबह बलरामपुर नगर के वार्ड क्रमांक एक निवासी बजरंग दल के जिला सहसंयोजक सुजीत स्वर्णकार एवं बलरामपुर दहेजवार निवासी युवती का शव मिला है। दोनों के शरीर में मारपीट के गंभीर निशान थे। सूचना पर पहुंची बलरामपुर कोतवाली पुलिस ने मामले में 302, 201 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। ईधर इस घटना की खबर नगर फैलते ही नगर में आक्रोश व्याप्त हो गया एवं व्यापारियों के द्वारा नगर बंद कर चक्का जाम कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार सुजीत स्वर्णकार पिता नंदलाल सोनी उम्र 21 वर्ष रविवार के देर रात तक दोस्तों के साथ था वही घर में खाना खाने के बाद वह घर से स्कूटी लेकर 12:30 के करीब निकला एवं पूरी रात घर नहीं आया जब सुबह तक वह घर नहीं आया तो घर वाले घबराने लगे एवं लगातार मोबाइल करने लगे एवं दोस्तों से भी पूछने लगे। सुजीत के मोबाइल नहीं उठाने पर परिवार जनों की घबराहट बढ़ गई एवं उनके द्वारा फिर साइबर पुलिस की मदद ली एवं लोकेशन ट्रेस कराया। लोकेशन ट्रेस करने के बाद स्वजन, पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे तो व सुजीत एवं बलरामपुर दहेजवार निवासी किरण काशी पिता आनंद काशी उम्र 25 का शव डुमरखी जंगल में मिला। बताया जाता है कि मृतकों के शरीर पर चोट के निशान थे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। बजरंग दल के जिला सहसंयोजक सुजीत स्वर्णकार अपने बजरंग दल के साथियों के साथ क्षेत्र में गौ तस्करी एवं गौ हत्या के विरोध में लगातार आवाज बुलंद की कई बार आंदोलन का नेतृत्व भी किया। यहां तक की सुजीत के सक्रियता से कई बार गौ वंश को बूचड़खाना ले जाने के दौरान पकड़ा जा सका। सुजीत के हत्या से कई प्रकार के सवाल उठ रहे हैं। सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने वाले सुजीत के हत्या की खबर जैसे ही नगर में फैली पूरे नगर में शोक की लहर फैल गई आक्रोशित नगर वासियों ने अपनी अपनी दुकान बंद कर ली एवं चांदो चौक में चक्का जाम कर दिया। घंटो चक्का जाम रहा जो शाम के 4 बजे करीब 72 घंटे में आरोपियों को पकड़ने के आश्वासन के बाद खुल सका।

# भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने ली वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक

**कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े**

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार ने आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी राज्यों के सीईओ, लोकसभा क्षेत्र के निटर्निंग ऑफिसर, सभी जिलों के डीईओ की बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री संजय अग्रवाल कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री राजीव कुमार ने अधिकारियों को शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मतदान संपन्न होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मतगणना के लिए सभी अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। मतगणना के लिए सभी अच्छी तैयारी रखें। सावधानी सजगता के साथ स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप मतगणना का कार्य निष्पक्ष तरीके से होना चाहिए। टीम इसके लिए अच्छा कार्य करें। कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री संजय अग्रवाल ने सभी अधिकारियों को मतगणना की तैयारी के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतगणना का कार्य सजगता एवं सर्तकता से करना है। मतगणना के दौरान मतगणना कक्ष में मोबाईल प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने अधिकारियों को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा एजेंट के आने जाने तथा आवश्यक जानकारी से अवगत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना की तैयारी के लिए सभी अधिकारियों को अच्छी तरह प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्री इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, ईडीएम श्री सौरभ मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# बैंक के करोड़ों रूपये गबन करने वाला एचडीएफसी बैंक का मैनेजर गिरफ्तार

**थाना कुरुद एवं सायबर टीम ने की संयुक्त कार्यवाही**

**धमतरी(विश्व परिवार)।** एक वर्ष पूर्व एचडीएफसी बैंक में ग्राहकों के करोड़ों रूपयों का गबन कर फरार होने वाले बैंक मैनेजर श्रीकांत टेनेटी को थाना कुरुद एवं सायबर टीम ने की संयुक्त कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। वहीं गबन के मामले में शामिल दूसरे आरोपी की तलाश की जा रही है। बता दें कि पिछले साल 8 मई 24 को पीयुष राठौर शाखा प्रबंधक एचडीएफसी बैंक शााखा कुरूद ने कुरूद थाने में रिपोर्ट दर्ज किया था कि एचडीएफसी बैंक कुरूद शाखा के तत्कालीन शाखा प्रबंधक श्रीकांत टेनेटी एंव उसके सहयोगी तेजेन्द्र साहू द्वारा मिलकर बैंक के संपत्ति का दुर्पयोग बैंक एवं बैंक के खाता धारको के खाते से कुल 1,84,04151 रूपये (एक करोड चौरासी लाख चार हजार एक सौ इनकावन रूपये) को धोखाधड़ी कर निकाल लिया गया है। आवेदन पर आरोपीगणों के विरूद्ध थाना कुरूद में धारा 406, 409,420,467, 468,120 (बी) भादवि.कायम कर विवेचना में लिया गया था। वहीं आरोपी बैंक मैनेजर फरार हो गया था जिसकी तलाश की जा रही थी। थाना कुरूद के अधिकारी कर्मचारी एवं सायबर सेल अधिकारी कर्मचारी की संयुक्त टीम द्वारा तकनीकी सहायता एवं मुखबिर लगा कर पता किया जा रहा था। इसी दौरान आरोपी श्रीकांत टेनेटी के हैदराबाद में होने की सूचना मिली। जिसपर पुलिस की एक टीम हैदराबाद रवाना की गई तथा आरोपी का पता कर उसे गिरफ्तार कर धमतरी ला गया।

# कलयुगी पिता ने चार साल के मासूम बच्चे का गला काटकर की हत्या, आरोपी पिता गिरफ्तार

**बलरामपुर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में एक कलयुगी पिता ने चार साल के मासूम बच्चे का गला काटकर हत्या कर दिया। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जा रहा है कि, झाड़ फूंक के चक्कर में पिता ने अपने ही संतान की बलि चढ़ा दी। मामला शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के महुआडीह की है। वहीं एक दिन पहले कोंडागांव जिले में तीसरी कक्षा के छात्र की स्कूल में लाश मिली है। बताया जा रहा है कि, लाश फंदे पर लटकती पाई गई है। सबसे पहले छात्र की लाश मैदान में खेल रहे बच्चों ने देखी। मामला केशकाल थाना क्षेत्र के डूमरपदर गांव का है। ग्रामीणों के मुताबिक, बच्चे के माता- पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। छात्र अपने नानी- नाना के घर रहता था। पड़ोसियों के मुताबिक गुरुवार की देर शाम बच्चा घर में बिना बताए निकला था और दूसरे दिन सुबह उसकी लाश प्राथमिक शाला की कक्षा में लटकती मिली। बच्चों के देखे जाने के बाद इसकी जानकारी परिजनों और ग्रामीणों को दी गई। तब ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव अपने कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। जहां बच्चा लटका मिला, उस फंदे की ऊंचाई देखकर उसके परिजन और ग्रामीण हत्या की आशंका जता रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि, जितनी ऊंचाई पर फंदा बांधा गया है, वहां तक तीसरी का छात्र फंदा कैसे बांध सकता है।मामले में केशकाल पुलिस ने बताया कि, हम हर एंगल से जांच कर रहे हैं। आस पास के लोगों के अलावा स्कूल के बच्चों और शिक्षकों के भी बयान लिए जा रहे हैं। फिलहाल आत्महत्या है या हत्या इसको लेकर कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिल पाई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही खुलासा हो पाएगा।

# जल संरक्षण के लिए सभी शासकीय भवनों में बनाएं रैन वॉटर हार्वेस्टिंग - कलेक्टर

**शिक्षा के अधिकार के तहत मिले आवेदनों की रिपोर्ट तत्काल प्रस्तुत करें**



**धमतरी(विश्व परिवार)।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को जल संरक्षण के लिए शासकीय भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे ग्राम पंचायत जहां रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, रूफ्टॉप स्ट्रक्चर और वेस्ट वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बन गए हैं, उन्हें जियो टैग किया जाये। साथ ही गांवों में जल संरक्षण संबंधी नारा, स्लोगन, जागरूकता रैली, दीवार लेखन करने और अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया जाये। उन्होंने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि जिले में भूजल स्तर तेजी से गिरता जा रहा है और पानी की दिक्कत भी हो रही है। इसके साथ ही रविशंकर सागर जलाशय गंगरेल बांध का भी जल स्तर गिरता जा रहा है। कलेक्टर ने सभी सीईओ, सीएमओ को आगामी विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर जागरूकता फैलाने कहा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर श्री जी. आर. मरकाम, संयुक्त कलेक्टर श्री रामकुमार कृपाल सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने खाद-बीज की उपलब्धता, भण्डारण और उठाव की जानकारी ली और इसमें किसी तरह की दिक्कत हो तो अवगत कराने कहा।

### पेट्रोल पंप मैनेजर पर जानलेवा हमला कर 14 लाख की लूट

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** सोमवार को नेशनल हाईवे स्थित चिचोला के नजदीक पेट्रोल पंप के एक मैनेजर के साथ लाखों रुपए की लूटपाट की वारदात सामने आई है। मैनेजर पर कथित रूप से धारदार हथियार से हमला भी किया गया है। सीसीटीवी फुटेज में एक सफेद रंग की कार कैद हुई है। पुलिस ने नेशनल हाईवे के अलावा आसपास के प्रमुख रास्तों में नाकेबंदी कर दी है। सोमवार सुबह लगभग 10.30 बजे मैनेजर के साथ उस वक्त लूटपाट की घटना हुई, जब वह पंप की रकम जमा करने बाईक से राजनांदगांव आ रहा था। पीछे से आ रही एक कार में सवार तीन लोगों ने मैनेजर पर हमला कर दिया और बैग में रखे 14 लाख से ज्यादा रकम लेकर फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
राजनांदगांव। सोमवार को नेशनल हाईवे स्थित चिचोला के नजदीक पेट्रोल पंप के एक मैनेजर के साथ लाखों रुपए की लूटपाट की वारदात सामने आई है। मैनेजर पर कथित रूप से धारदार हथियार से हमला भी किया गया है। सीसीटीवी फुटेज में एक सफेद रंग की कार कैद हुई है। पुलिस ने नेशनल हाईवे के अलावा आसपास के प्रमुख रास्तों में नाकेबंदी कर दी है। सोमवार सुबह लगभग 10.30 बजे मैनेजर के साथ उस वक्त लूटपाट की घटना हुई, जब वह पंप की रकम जमा करने बाईक से राजनांदगांव आ रहा था। पीछे से आ रही एक कार में सवार तीन लोगों ने मैनेजर पर हमला कर दिया और बैग में रखे 14 लाख से ज्यादा रकम लेकर फरार हो गए।

# सनराइजर्स हैदराबाद इस गलती के कारण हार गई फाइनल मैच, वरना उठा सकती थी ट्रॉफी

**चेन्नई( एजेंसी )।** आईपीएल 2024 को अपनी चैंपियन टीम मिल गई है. रविवार की रात चेपॉक स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच फाइनल मैच खेला गया. सभी को उम्मीद थी कि दो बेस्ट टीमों के बीच कांटे की टक्कर वाला मैच देखने को मिलेगा. लेकिन, ऐसा नहीं हुआ और एसआरएच 8 विकेट से मैच हार गई. इस मैच में हैदराबाद अपनी गलतियों के कारण ही हारी, वरना उसमें वो दमखम था कि वह केकेआर को



हराकर ट्रॉफी उठाती. तो आइए आपको इस आर्टिकल में उस वजह के बारे में बताते हैं, जिसके कारण हैदराबाद को हार का सामना करना पड़ा. आईपीएल 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. इस सीजन आंकड़े यही बता रहे थे कि पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम का चेपॉक में दबदबा रहा है. लेकिन, हैदराबाद की टीम बुरी तरह से मैच हार गई. असल में, हैदराबाद की टीम अपने टॉप ऑर्डर पर कुछ ज्यादा ही निर्भर थी. टूर्नामेंट में सिर्फ फाइनल ही नहीं बल्कि और भी कुछ मैचों में हैदराबाद की ये कमजोरी जाहिर हुई थी. जब एसआरएच का टॉप ऑर्डर फ्लॉप होने पर मिडिल ऑर्डर पारी को संभाल नहीं पाया और मैच गंवा बैठा. ऐसे में कप्तान पैट कमिंस को मिडिल ऑर्डर को मजबूत करने की जरूरत थी. लेकिन, वह ऐसा करने में कामयाब नहीं रहे और नतीजा सभी के सामने है. सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने पहले विकेट में अभिषेक शर्मा का विकेट गंवाया और फिर तो सिलसिला आखिर तक नहीं रुका.

# शानदार जीत पर शाहरुख खान के साथ जश्न में डूबे कई स्टार्स

## रणवीर सिंह से लेकर करण जौहर ने दी बधाई

**नईदिल्ली( एजेंसी )।** बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल में शानदार जीत हासिल की है. इस साल इंडियन प्रीमियर लीग 2024 की विनर किंग खान की केकेआर बनी है. रविवार को शाहरुख की टीम ने कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच हुए महामुकाबले में दमदार प्रदर्शन किया. साथ ही फाइनल मैच में एसआरएच को आठ विकेट से हराकर ट्रॉफी जीत ली थी. सोशल मीडिया पर फैंस शाहरुख खान को उनकी टीम की जीत के लिए बधाई दे रहे हैं. वहीं इस ऐतिहासिक जीत के तुरंत बाद, कई बी-टाउन सेलेब्स ने सोशल मीडिया पर शाहरुख खान और उनकी टीम को हार्दिक बधाई दी. इंस्टाग्राम पर करण जौहर, रणवीर सिंह और प्रीति जिंटा समेत कई सेलेब्स ने शाहरुख खान को दिल खोलकर बधाई दीं. रणवीर सिंह ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर लिखा, शानदार अभियान के लिए बधाई... एक सच्चा टीम प्रयास.. करण जौहर ने भी शाहरुख खान की फोटो के साथ लिखा, भाई की जीत! ञ्चद्बश्चद्यह्ल20 का ट्रॉफी मिल गया... बधाई हो. लव यू भाई! चंदू चैंपियन एक्टर कार्तिक आर्यन भी सितारों के साथ टीम को शुभकामनाएं देने में शामिल हो गए. उन्होंने केकेआर की ऑफिशियल पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, चैंपियंस को बधाई. गौरी खान ने शाहरुख और गोल्डन विजेता ट्रॉफी के साथ एक तस्वीर भी साझा की है जिस पर फैंस अपना प्यार बरसा रहे हैं.

# हम पूरे सीजन अजेय टीम की तरह खेले: श्रेयस अय्यर


**चेन्नई( एजेंसी )।** एक दशक के लंबे इंतजार को खत्म करते हुए कोलकाता ने आईपीएल 2024 की ट्रॉफी अपने नाम की। टीम के इस प्रदर्शन की सराहना करते हुए कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि पूरे सीजन में कोलकाता एक चैंपियन की तरह खेली। फाइनल मैच के बाद श्रेयस अय्यर ने कहा, मेरे लिए अभी अपने एहसास और भावनाओं को बता पाना काफी मुश्किल है। खुश होने के लिए हमारे पास अभी काफी कुछ है। हमने खिलाड़ियों से जैसी उम्मीद की, उन्होंने वैसा ही प्रदर्शन किया। इंतजार बहुत लंबा था। हम पूरे सीजन में चैंपियन की तरह खेले। आंद्रे रसेल (19 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन और वेंकटेश अय्यर (नाबाद 52) के शानदार अर्धशतक से कोलकाता नाईट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल फाइनल में रविवार को 8 विकेट से रौंद कर 57 गेंद शेष रहते तीसरी बार आईपीएल खिताब जीत लिया। कोलकाता ने हैदराबाद को 18.3 ओवर में 113 रन पर



समेटने के बाद 10.3 ओवर में दो विकेट पर 114 रन बनाकर एकतरफा जीत हासिल की। केकेआर का 2024 का अभियान आईपीएल इतिहास में सबसे प्रभावशाली अभियानों में से एक था, जिसने एक सीजन में सबसे कम हार के रिकॉर्ड की बराबरी की। 2008 में शेन वार्न की राजस्थान रॉयल्स केवल तीन हारी थी। श्रेयस अय्यर ने कहा, हम भाग्यशाली रहे कि पहले गेंदबाजी करने का मौका मिला। यह दबाव वाला मैच था। मिचेल स्टार्क और आंद्रे रसेल ने शानदार प्रदर्शन किया, युवाओं को उनसे सीख लेनी चाहिए। श्रेयस ने आंद्रे रसेल के बारे में कहा कि रसल के पास जादुई छड़ी है। ज्यादातर मैचों में उन्होंने हमें विकेट दिलाए हैं। इसके बाद वेंकटेश अय्यर ने हमारे लिए जीत आसान कर दी। यह एक शानदार टीम वर्क था। हमारे लिए शानदार सीजन रहा। फाइनल में कोलकाता ने शुरू से ही दबदबा बनाए रखा, जिसकी शुरुआत मिचेल स्टार्क ने अभिषेक शर्मा के विकेट से की, जो इस सीजन की बेस्ट गेंदों में से एक थी। प्लेऑफ में स्टार्क का प्रदर्शन महत्वपूर्ण था। सीजन की खराब शुरुआत के बावजूद, जहां उन्होंने अपने पहले दो मैचों में बिना कोई विकेट लिए 100 रन दिए, स्टार्क केकेआर के दोनों प्लेऑफ मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच रहे, जो कि आईपीएल इतिहास में पहली बार हुआ। स्टार्क ने क्वालिफायर-1 में हैदराबाद के खिलाफ ही 34 रन देकर 3 विकेट लिए थे और फिर फाइनल में उन्होंने 14 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किया।

# किफायती स्वास्थ्य देखभाल के लिए बीमा कंपनियों को संवेदनशील बनाएगा आयुष मंत्रालय

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** आयुष मंत्रालय ने रविवार को कहा कि वह देश में सुलभ और किफायती स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देने के लिए बीमा कंपनियों के अधिकारियों और आयुष अस्पतालों के मालिकों के लिए एक कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। मंत्रालय ने कहा कि कार्यक्रम 27 मई को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) में होगा। इसका मकसद भारत में बीमा कवरेज के लिए सार्वजनिक और निजी आयुष अस्पतालों को सूचीबद्ध करने की सुविधा प्रदान करना है। कार्यक्रम में स्वास्थ्य बीमा योजनाओं में आयुष उपचारों को



मुख्यधारा में लाने के लिए आवश्यक नियामक ढांचे और नीति समर्थन पर भी चर्चा की जाएगी, साथ ही चुनौतियों और अवसरों दोनों के लिए प्रमुख हितधारकों के बीच बातचीत की सुविधा प्रदान की जाएगी। हाल ही में, भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने सभी बीमा कंपनियों को आयुष उपचार की बढ़ती मांग के अनुरूप आयुष कवरेज प्रदान करने की सलाह दी है। जिन अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी उसमें आयुष क्षेत्र में कवरेज, बीमा क्षेत्र के लिए मानक उपचार दिशानिर्देश (एसटीजी) और आईसीडी कोड और बीमा क्षेत्र में आयुष की पैठ शामिल है। मंत्रालय ने कहा कि कार्यक्रम में आयुष अस्पताल की उपलब्धियों के साथ साथ बीमा कवरेज के लिए आयुष अस्पतालों को सूचीबद्ध करने पर भी चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही इस बात पर विचार किया जायेगा कि आयुष अस्पतालों को कैसे रोहिणी प्लेटफार्म पर लाया जाए।

# सोनी इंडिया ने मैसिव बेस और अल्टीमेट वाइब के साथ लांच की स्पीकर और हेडफोन की एक नई सीरीज़: यूएलटी पावर साउंड

**नई दिल्ली :** सोनी इंडिया ने आज यूएलटी पावर साउंड0 सीरीज़ के लॉन्च की घोषणा की। यह वायरलेस स्पीकर और नॉइज़ कैंसलिंग हेडफोन की एक नई सीरीज़ है, जिसे आपको यह महसूस कराने के लिए डिज़ाइन किया गया है कि आपके पास बेहतरीन उपकरण है। संगीत प्रेमियों के लिए निर्मित यह सीरीज़ आपके दिल को धड़का देने वाली दमदार गहरी आवाज़ पैदा करता है। नई रेंज में वायरलेस स्पीकर यूएलटी टावर10, यूएलटी फील्ड 7, यूएलटी फील्ड 1 और वायरलेस नॉइज़-कैंसलिंग हेडफोन यूएलटी वेयर शामिल हैं। इस सीरीज़ के सभी मॉडलों में यूएलटी बटन शामिल है, जो एक या दो अलग-अलग साउंड मोड के साथ संगीत को बेहतर सिग्नेचर साउंड क्वालिटी प्रदान करता है।

1. यूएलटी टावर 10: इसके साथ जो वायरलेस माइक आता है उसकी बदौलत अपने घर को मैसिव बेस, 360ए पार्टी साउंड, 360ए पार्टी लाइट और कैरीओके के साथ पार्टी सेंट्रल में बदल सकते हैं। जिन चीज़ों को आप देखना पसंद करते हैं उनकी आवाज़ बढ़ाने के लिए आप स्पीकर को अपने टीवी से भी कनेक्ट कर सकते हैं।

यूएलटी पावर साउंड - असाधारण बेस के लिए अपनी सभी लो-एंड फ्रीक्वेंसी को बढ़ाएं। दो अलग-अलग तरह के बेस-एम्फेसाइज्ड साउंड मोड का आनंद लें। लो-फ्रीक्वेंसी साउंड के लिए गहरे बेस के लिए यूएलटी बटन दबाएं जो यूएलटी 1 के साथ आपके दिल को कंपा देगा। यूएलटी 2 बीट को महसूस करने और आपको नाचने पर मज़बूर करने के लिए दमदार बेस प्रदान करता है।

# शॉप्सी ने किड्स सेगमेंट में कदम रखा है और वह ऐसे ट्रेंड को फ़ॉलो करता है जिसमें स्टाइल के साथ सुविधा भी हों

**बेंगलुरुः** आने वाली गर्मियों की छुट्टियों के उत्साह को बढ़ाने के लिए, भारत के सबसे तेजी से बढ़ते हाइपर-वैल्यू ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म शॉप्सी बाय फ्लिपकार्ट ने बच्चों के लिए एक रोमांचक कलेक्शन का अनावरण किया है। शॉप्सी 100 से अधिक उत्पादों को कवर करती है, जिनमें खिलौने, पार्टी सप्लाई, स्कूल सप्लाई और फैशन वियरेबल्स शामिल हैं, इसके अलावा मनोरंजन से लेकर फैशन, उपयोगिता वस्तुओं और अन्य उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला भी शामिल हैं। शॉप्सी पर लिस्टेड सेलर द्वारा दी जाने वाली कीमतें 25/- रुपये जैसी आकर्षक कीमतों से शुरू होती हैं, जो सभी के लिए किफायती हैं। शीर्ष श्रेणियों में 49/- रुपये की कीमत वाले शैक्षणिक खिलौने, 150/- रुपये की कीमत वाले बच्चों के कपडे, 129/- रुपये की कीमत वाले बच्चों के पारंपरिक परिधान, 85/- रुपये की कीमत वाले सॉफ्ट टॉयज , 25/- रुपये की स्कूल सप्लाय और हर ग्राहक की आवश्यकता को पूरा करने के लिए और भी बहुत कुछ शामिल है। बच्चों के कपड़े, खिलौने, स्टेशनरी और हॉबी किट की मांग में बढ़ोतरी देखने के बाद शॉप्सी ने बच्चों की रंगीन दुनिया के लिए अपने उत्पादों की रेंज बढ़ा दी। भारतीय परिवेश भी इस विस्तार के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है; हाल के वर्षों में, माता-पिता की बदलती प्राथमिकताओं, चल रहे नवाचार और बदलते ट्रेंड के कारण इसमें उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। शॉप्सी ने उन चुनौतियों की पहचान की है और उनका उपयोग किया है जिनका सामना माता-पिता को तब करना पड़ता है जब उनके बच्चे तेजी से बड़े हो जाते हैं और उनको उस तरह के कपड़े एवं खिलौनों की जरूरत नहीं होती। शॉप्सी व्यापक और किफायती रेंज के माध्यम से नवप्रवर्तन कर रही है और यह केवल ग्राहक अनुसंधान से संभव हुआ है। बच्चों के कलेक्शन के लॉन्च ने पहले से ही काफी उत्साह पैदा कर दिया है, जो इस बढ़ते बाजार के लिए एक सकारात्मक शुरुआत का संकेत है। टियर 2+ क्षेत्रों में, कटक, वाराणसी, गुवाहाटी और मुजफ्फरपुर महत्वपूर्ण योगदानकर्ता के रूप में उभरे। बढ़ते ग्राहक आधार के साथ, शॉप्सी को उम्मीद है कि वह आगामी महीनों में अपने उत्पादों को मजबूत और विस्तारित करके उन्हें संतुष्ट करना जारी रखेगा।

# कोंडकेल बनेगा 100 फीसदी माहवारी स्वच्छता प्रबंधन वाला पंचायत

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन को 100 प्रतिशत लागू करने के उद्देश्य से कार्य कर रहे देश की अग्रणी कंपनी हिंडाल्को इंड्स्ट्रीज लिमिटेड ने मंगवार को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर इस विषय पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मासिका महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, पावना, नवश्रृजन शिक्षा एवं जन सेवा समिति रायगढ़ एवं ग्राम पंचायत कोडकेल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में हिंडाल्को गारे पाल्मा माइंस के यूनिट हेड राजीव कुमार ने कहा कि हिंडाल्को समाज के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और हम अपने विभिन्न सीएसआर और सस्टेनबिलिटी कार्यक्रमों के तहत माइंस क्षेत्र में महिला स्वास्थ्य के प्रति समाज को लगातार जागरूक कर रहे हैं। महिला के स्वास्थ्य की सही देखभाल के बिना समाज के विकास की परिकल्पना नहीं की जा सकती।

कार्यक्रम में अपने संबोधन में नवसृजन शिक्षा एवं जनसेवा समिति के प्रमुख दुर्गाशंकर नायक ने कहा कि हिंडाल्को के सहयोग से 18 पंचायत में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आज कोडकेल पंचायत में 100 त्नघरों में मटका इनसिनेरेटर लगाया जा रहा है और कोडकेल को 100त्न माहवारी स्वच्छता प्रबंधन अनुकूल पंचायत बनाया जायेगा। पावना एक यात्रा के विषय में मोनिका इजारदार ने बताया गया कि पावना पूर्व कलेक्टर श्री भीम सिंह द्वारा शुरू किया गया था। जो अब पूरे जिले में एक महा अभियान का रूप ले चुका है।इसकी शुरुवात मुख्य रूप से कोरोना कल में लोगों को पैड पहुंचाने के साथ हुई थी जो अब गांव गांव तक पहुंच चुका है। रेड डॉट चैलेंज का हिस्सा बनकर सभी लोगों ने सपथ ली की इस मुहिम को घर-घर पहुंचाएंगे। इस मौके पर 5 बच्चियों को उनके प्रथम माहवारी पर उनका फूलमाला से स्वागत कर उन्हें चॉकलेट और पैड भेंट किया गया। उद्बोधन में सरपंच कोडकेल श्रीमति रमिला सिदार द्वारा अपने गांव को 100त्न माहवारी स्वच्छता प्रबंधन अनुकूल बनाने हेतु सहयोग के लिए और लोगों को जागरूक करने के लिए नव सृजन टीम और हिंडाल्को प्रबंधन को धन्यवाद दिया गया। इस मौके पर भारत स्काउट गाइड द्वारा माहवारी स्वच्छता अभियान पर एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।

## व्यापार समाचार

# ईज़मायट्रिप ने दर्ज किया अब तक का सबसे उच्च एबिटा वित्त वर्ष 2024 में एबिटा 2282 मिलियन रुपए रहा

**नईदिल्ली।** भारत के मशहूर ऑनलाइन ट्रैवल टेक प्लेटफार्म्सह में से एक, EaseMyTrip.com ने इस तिमाही के दौरान अपनी वृद्धि को बरकरार रखा है। वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में कंपनी का परिचालन से रेवेन्यूम 1,640 मिलियन दर्ज किया गया। इसमें सालाना आधार पर 41 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है। इस अवधि में कंपनी का एबिटा 24त्न की वार्षिक बढ़त के साथ 577 मिलियन रुपए रहा। इसी तरह, कंपनी का कर पूर्व लाभ सालाना आधार पर 24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 551 मिलियन रुपए पहुंच गया। इसके अलावा, वित्त वर्ष 2024 में कंपनी की बुकिंग से होने वाली कुल आय (GBR) 20,900 मिलियन रुपये रही है। वित्त वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में कंपनी के गैर-एयर सेगमेंट में मजबूत ग्रोथ देखने को मिली है। इस अवधि में कुल होटल नाइट बुकिंग 1.4 लाख रही। इसमें 39 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली है। वहीं, अन्य बुकिंग 53 प्रतिशत बढ़कर 2.7 लाख पर पहुंच गई। पूरे वित्त वर्ष 2024 की बात करें तो होटल नाइट बुकिंग और अन्य बुकिंग क्रमशः 49 प्रतिशत बढ़कर 5.2 लाख और 67 प्रतिशत बढ़कर 10.4 लाख पर पहुंच गई। पूरे वित्त वर्ष 2024 के प्रदर्शन की बात करें तो इस अवधि में कंपनी का परिचालन से रेवेन्यूर 5,906 मिलियन रुपये रहा। इसमें सालाना आधारपर 32 प्रतिशत की बढ़त हुई है। इसी तरह एबिटा 2282 मिलियन रुपये रही है। इसमें सालाना आधार पर 19त्न की बढ़त देखने को मिली है। वित्त वर्ष 2024 में कंपनी का कर पूर्व लाभ सालाना आधार पर 16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,151 मिलियन रुपये रहा। यह मजबूत प्रदर्शन ईज़मायट्रिप में लगातार हो रही वृद्धि को स्पष्ट करता है। इस मजबूत प्रदर्शन के चलते इंडस्ट्री में कुछ मुनाफे में चल रही नए जमाने की टेक्नोलॉजी कंपनियों में से एक के रूप में कंपनी स्थिति को और मजबूत करता है।

# एएससीआई की वार्षिक शिकायत रिपोर्ट जारी, हेल्थकेयर और ऑफशोर सट्टेबाजी के विज्ञापन सबसे अधिक उल्लंघनकारी के रूप में चिन्हित

**मुंबई :** ऐड्वर्टाइज़िंग स्टैण्डर्ड काउंसिल ऑफ़ इंडिया (एएससीआई) ने आज अपनी वार्षिक शिकायत रिपोर्ट (एनुअल कंप्लेंट्स रिपोर्ट) प्रकाशित की। रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2023-25 में आपत्तिजनक पाए जाने वाले विज्ञापनों का विस्तृत विश्लेषण किया गया है। एएससीआई ने 10,093 शिकायतों की जाँच और 8299 विज्ञापनों की छान-बीन की। अधिकाँश उल्लंघन भ्रामक दावों से सम्बंधित थे जिनका अनुपात 81 प्रतिशत है। इसके बाद 34 प्रतिशत अनुपात के साथ वैसे विज्ञापन थे, जिनमें हानिकारक स्थितियों या उत्पादों को प्रचारित किया गया था (उन्ही विज्ञापनों को अनेक आपत्तियों के लिए संसाधित किया जा सकता है)। संसाधित विज्ञापनों में डिजिटल विज्ञापनों का अनुपात 85 प्रतिशत था जिनमें अनुपालन दर कम यानी 75 प्रतिशत पायी गई, जिसकी तुलना में प्रिंट और टीवी में विज्ञापनों की अनुपालन दर 97 प्रतिशत है। इससे उपभोक्ताओं की ऑनलाइन सुरक्षा के विषय में गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं, जैसा कि पिछले साल भी उजागर किया गया था। संसाधित किये गए विज्ञापनों में से 94 प्रतिशत विज्ञापन एएससीआई द्वारा स्वतः चयनित किये गए थे। एएससीआई द्वारा चयनित विज्ञापनों में से 49 प्रतिशत मामले में विज्ञापनकर्ताओं द्वारा कोई प्रतिवाद नहीं किया गया।

# फ्रैंकलिन इंडस्ट्रीज लिमिटेड का 38 .83 करोड़ रुपए का राइट्स इश्यू 24 मई को खुला

**अहमदाबाद :** कृषि वस्तुओं के व्यापार और कॉन्ट्रैक्ट फार्मिंग सर्विसेज देने वाली गुजरात आधारित कंपनी फ्रैंकलिन इंडस्ट्रीज लिमिटेड (बीएसई - 540190) का 38.83 करोड़ का राइट्स इश्यू 24 मई, 2024 को खुल गया है। इश्यू के माध्यम से जुटाए गए धन का उपयोग कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने, कंपनी की विस्तार योजनाओं में पूंजी लगाने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों की पूर्ति हेतु किया जाएगा। राइट्स इश्यू के तहत 24 मई, 2024 को बंद भाव 7.50 रुपए प्रति शेयर के मुकाबले 3.58 रुपये का भाव तय किया गया है और राइट्स इश्यू 11 जून 2024 को बंद हो जाएगा। कंपनी 3.58 प्रति इक्विटी शेयर (2.58 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के प्रीमियम सहित) के भाव पर 1 रुपए फेसवैल्यू के नगद 10,84,50,000 पूर्ण चुकता इक्विटी शेयर जारी करेगी। प्रस्तावित राइट्स इश्यू के लिए (रिकॉर्ड तिथि - 13 मई, 2024 को इक्विटी शेयरधारकों द्वारा रखे गए प्रत्येक 1 पूर्ण भुगतान वाले इक्विटी शेयर के लिए 1 रुपये के फेसवैल्यू के 3 राइट्स इक्विटी शेयर) राइट्स एंटाइटेलमेंट अनुपात 3:1 पर तय किया गया है । ऑन-मार्केट राइट्स एंटाइटेलमेंट के त्याग की अंतिम तिथि 5 जून, 2024 है। कंपनी इश्यू से प्राप्त राशि 38.83 करोड़ रुपये में से कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं के लिए 29.26 करोड़ रुपये और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों की पूर्ति के लिए 9.31 करोड़ रुपए खर्च करेगी।

# मलाबार ग्रुप ने किया 'हंगर-फ्री वर्ल्ड' कार्यक्रम का विस्तार; हर दिन पौष्टिक भोजन के 51,000 पैकेट का करेंगे वितरण

**नईदिल्ली।** जरूरतमंदों को प्रतिदिन पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने से जुड़े मलाबार ग्रुप के सीएसआर कार्यक्रम 'हंगर-फ्री वर्ल्ड' (भूख-मुक्त दुनिया) का विस्तार अधिक लोगों और शहरों तक किया जाएगा. मौजूदा वक्त में इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के तहत खाने के 31,000 पैकेट वितरित किए जा रहे हैं. संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य 2- 'जीरो हंगर' कोसमर्थन प्रदान करने के लिए यह पहल की गई थी. इस कार्यक्रम का विस्तार करते हुए पौष्टिक खाने के 51,000 पैकेट वितरित किए जाएंगे. मलाबार मुख्यालय में 28 मई को 'वर्ल्ड हंगर डे' के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में गोवा के राज्यपाल पी एस श्रीधरन पिल्लई ने विस्तार योजना की आधिकारिक शुरुआत की. मलाबार समूह के चेयरमैन एम पी अहमद ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की. विधायक पी टी ए रहीम ने 'हंगर-फ्री वर्ल्ड डोनेशन' गेटवे का उद्घाटन किया. आईपीआरएच दया रिहैबिलिटेशन ट्रस्ट के प्रोजेक्ट हेड डॉ बासित वडक्कायिल ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी और थोठाथिल रवींद्रन ने आधिकारिक न्यूजलेटर लॉन्च किया. पीके ग्रुप के चेयरमैन पी के अहमद और मातृभूमि के मैनेजिंग एडिटर पी वी चंद्रन ने शुभकामनाएं प्रेषित कीं.

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com
रायपुर, बुधवार 29 मई 2024

## नौतपा का कहर : आसमान से बरसने लगी है आग

**रायपुर (विसं)।** नौतपा का असर अब कहर बरपाने लगा है। सुबह 10 बजे से ही तेज धूप झुलसाने लगी है। मौसम विभाग के आंकड़ों को माने तो तापमान 40 डिग्री को पार कर चुका है और अभी तापमान में और वृद्धि की संभावना बनी हुई है। वहीं मौसम विभाग ने रायपुर संभाग के अलावा दुर्ग और बिलासपुर संभाग के जिलों में भीषण गर्मी पड़ने, लू चलने की चेतावनी जारी की है। नौतपा का दौर हैं और गर्मी अपने पूरे शबाब पर हैं। बात करें छत्तीसगढ़ के तीन संभाग रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर की तो यहां के जिलों में पारा 40 डिग्री से पार जा चुका हैं।



# निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम पड़ाव है मतगणना, प्रेक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण : श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले

### देश के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ के 56 अधिकारी निभाएंगे मतगणना प्रेक्षक की भूमिका, मतगणना प्रेक्षकों ने समझी मतगणना की बारीकियाँ






**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने रायपुर के नवीन विश्राम गृह में आयोजित मतगणना प्रेक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मतगणना प्रेक्षक (काउंटिंग ऑब्जर्वर) की भूमिका मतगणना के दौरान अत्यधिक महत्वपूर्ण होती है। मतगणना संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया का अंतिम पड़ाव है। इसलिए सभी की नजर मतगणना की प्रक्रिया पर केंद्रित होती है। ऐसे में मतगणना प्रेक्षक की भूमिका सबसे अहम हो जाती है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने मतगणना प्रेक्षकों के प्रशिक्षण में कहा कि मतगणना के दौरान मतगणना प्रेक्षक की भूमिका निभाने वाले अधिकारियों को मतगणना के सभी पहलुओं की बारीक जानकारी होनी चाहिए। मतगणना केंद्र पर पारदर्शी ढंग से मतगणना की प्रक्रिया पूर्ण हो, इसके लिए मतगणना प्रेक्षक को निष्पक्ष और सभी प्रक्रियाओं से संबंधित जानकारी से परिपूर्ण होना चाहिए।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अंतर्गत आगामी 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए छत्तीसगढ़ के 56 अधिकारियों को देश के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में मतगणना प्रेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें भारतीय प्रशासनिक सेवा के 20 और राज्य प्रशासनिक सेवा के 36 अधिकारी शामिल हैं।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर श्री यू.एस. अग्रवाल, श्री विनय अग्रवाल और श्री रुपेश कुमार वर्मा ने मतगणना स्थल पर प्रेक्षक की भूमिका, ईटीपीबीएस एवं डाक मतपत्रों की गणना एवं ईवीएम से मतगणना संबंधी सभी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर्स ने मतगणना हॉल में कितने टेबल लगाए जाने हैं, टेबल किस प्रकार लगाए जाने हैं, प्रत्याशी, उनके अधिकृत प्रतिनिधि और मतगणना अभिकर्ता कितने होंगे तथा किन स्थानों पर बैठेंगे, वीवीपैट की गणना के लिए कौन सा टेबल निर्धारित किया जाए, डाक मतपत्रों की गणना कहाँ हो, कौन सी सावधानियां बरतने की जरूरत है जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर भी जानकारी साझा की। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना प्रेक्षक के रूप में नियुक्त राज्य के अधिकारियों के व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण स्थल पर मास्टर ट्रेनर श्री रुपेश कुमार वर्मा ने प्रायोगिक तौर पर ईवीएम का संचालन भी अधिकारियों के समक्ष किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

## स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर का व्यक्तित्व दृढ़ता और विशालता से समाहित था: मुख्यमंत्री साय




**रायपुर (विश्व परिवार)।** वीर सावरकर का जन्म 28 मई, 1883 को नासिक के भागपुर गांव में हुआ था और उनकी मृत्यु 26 फरवरी, 1966 को बम्बई (अब मुंबई) में हुई थी। उनका पूरा नाम विनायक दामोदर सावरकर है। वह एक स्वतंत्रता सेनानी, राजनीतिज्ञ, वकील, समाज सुधारक और हिंदुत्व के दर्शन के सूत्रधार थे। इसी कड़ी में साय ने अपने सोशल मीडिया हैंडल X पर जारी वीडियो संदेश में कहा है कि मेरे प्रिय छत्तीसगढ़ के वासियों, आप सभी को मेरा जोहार, नमस्कार आज 28 मई को महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर जी की जयंती है। उनके त्याग, साहस और संकल्प शक्ति से जुड़ी गाथाएं आज भी हम सबको प्रेरित करती हैं। वीर सावरकर का व्यक्तित्व दृढ़ता और विशालता से समाहित था। महान देशभक्त और स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर जी को आज उनकी जयंती पर शत-शत् नमन।

## गृहमंत्री विजय शर्मा ने एम्स पहुंचकर आईईडी ब्लास्ट में घायल महिलाओं का हालचाल जाना



**रायपुर (विश्व परिवार)।** उप-मुख्यमंत्री व गृहमंत्री श्री विजय शर्मा ने आज रायपुर एम्स पहुंचकर आईईडी ब्लास्ट में घायल भीमापुरम गांव की दोनों महिलाओं का हालचाल जाना। नक्सलियों ने बंदूक के बल पर सुकमा जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र के इस गांव में एक ग्रामीण के घर में आईईडी छिपाकर रख दी थी, जिसमें ब्लास्ट होने से दोनों महिलाएं कल घायल हो गईं थीं। उप-मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने एम्स के डॉक्टरों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। एम्स के डॉक्टरों ने उन्हें बताया कि दोनों खतरे से बाहर हैं और उनका समुचित उपचार किया जा रहा है। श्री शर्मा ने दोनों के बेहतर से बेहतर इलाज के निर्देश दिए।

## दीपक बैज विष्णुदेव सरकार का शुक्रिया अदा करें, बस्तर हो रहा है भय मुक्त : केदार कश्यप

**जगदलपुर/रायपुर (विश्व परिवार)।** वनमंत्री केदार कश्यप ने दीपक बैज के बयान को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। केदार कश्यप ने कहा कि पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज राग अलापना बंद करें। उनको मालूम होना चाहिए किस तरीके से उनके ही कार्यकर्ता, उनके पदाधिकारी लगातार भाजपा नेताओं को धमकी देते रहे हैं। उन्होंने कहा चाहे नारायणपुर, बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा या पखांजुर क्षेत्र हो, हमारे भाजपा जनप्रतिनिधियों को जान से मारने धमकी दे रहे हैं और तो और नारायणपुर की घटना जिसमें विक्रम बैस की मौत हुई है। इसके जो दोषी है वे कोंग्रेसी कार्यकर्ता रह चुके हैं। एनएसयूआई के अध्यक्ष रह चुके हैं। दीपक बैज पखांजूर की घटना को ना भूले। स्व. असीम राय जो हमारे नगर पंचायत के अध्यक्ष थे उनको मारने में कांग्रेस के पदाधिकारियों का हाथ रहा है। ये तो भारतीय जनता पार्टी की सरकार है जो लगातार जांच पड़ताल कर रही है जो ऐसे जो दोषी लोग हैं उनको जेल का रास्ता दिखा रही है। कानून से कोई बच नहीं सकता। दीपक बैज आपको शुक्रियादा करना चाहिए कि माननीय विष्णुदेव साय जी की सरकार हमारे पूरे क्षेत्र को भय मुक्त बना रही है।



## मंत्रालय के समीप नया रेलवे स्टेशन होगा तैयार, दिवाली से पहले दौड़ेगी ट्रैन

**रायपुर (आरएनएस)।** नए रायपुर से पैसेंजर ट्रेन का इंतजार जल्द ही खत्म होने वाला है। मंत्रालय के पास आधुनिक स्टेशन जून में तैयार हो जाएगा, जब दिवाली से पहले रायपुर से मंदिर हसौद, नया रायपुर और सेंट्रल (अभनपुर) के लिए ट्रेनें शुरू होने की उम्मीद है। रेलवे और नया रायपुर की इस संयुक्त परियोजना में नया रायपुर से केंद्री तक 25 किमी. रेलवे ट्रैक बिछाने का काम पूरा हो चुका है. साथ ही नया रायपुर क्षेत्र में तीन मॉडल स्टेशन बनाए जा रहे हैं। मंत्रालय के पास बन रहे मल्टी मोड ट्रांसपोर्ट (एमएमटी) में स्टेशन के पास बस और ऑटो की सुविधा उपलब्ध होगी। एनआरडीए के अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में डीआरएम और एनआरडीए के अधिकारियों ने स्टेशनों का संयुक्त दौरा किया था. इस दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई और परियोजना को जल्द पूरा करने पर सहमति बनी. अटल नगर, उद्योग नगर, मुक्तांगन के पास स्टेशन दिसंबर-2024 तक पूरा हो जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक, मंत्रालय के पास सीबीडी रेलवे स्टेशन का काम 80 फीसदी पूरा हो चुका है. इसके डिजाइन में कुछ अहम बदलाव किए गए हैं।

# बेमेतरा में भारतीय सेना के कार्यों और नागरिक प्रशासन को सहायता का संक्षिप्त विवरण



**रायपुर (विश्व परिवार)।** 25 मई 2024 को डीसी, बेमेतरा, छत्तीसगढ़ के अनुरोध पर, मेजर जयदीप के नेतृत्व में सीओडी (सेंट्रल ऑर्डिनेंस डीपोट) जबलपुर की एक टीम, एक जेसीओ और दो अम्यूनेशन टेक्निकल के साथ 26 मई 2024 को सड़क मार्ग से यात्रा की और 0800 बजे तक साइट पर पहुंची।

साइट के बारे में संक्षिप्त जानकारी- ब्लास्ट साइट स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड कंपनी की सुविधाओं में से एक थी। कंपनी औद्योगिक विस्फोटकों का उत्पादन करती है और कॉर्डेक्स, पीईटीएन, अमोनियम नाइट्रेट आदि के लिए विभिन्न भंडारण सुविधाओं के साथ 100 एकड़ भूमि में फैली हुई है। कंपनी औद्योगिक उपयोग के लिए बड़े डाया स्लरी विस्फोटक, बल्क इमल्शन, वॉटर जेल एक्सप्ल, डेटोनेटिंग फ्यूज़ आदि बनाती है।

टीम ने सिविल एडीएम, फैक्ट्री के उपलब्ध प्रतिनिधियों, पीईएसओ प्रतिनिधि, एनडीआरएफ और सीआरपी के साथ बातचीत की और विस्फोटकों वाली विभिन्न भंडारण सुविधाओं का साइट दौरा किया। इसमें शामिल विस्फोटकों और संभावित कारणों का पता लगाने के लिए विस्फोट स्थल के केंद्र का भी दौरा किया गया।

पोस्ट रेकी के बाद टीम द्वारा दी गई सलाह- संयुक्त नियंत्रण कक्ष में मेजर जयदीप द्वारा बैठक और की जाने वाली कार्रवाइयों पर सभी संबंधित लोगों की एक बैठक आयोजित की गई। मुख्य बिंदु इस प्रकार हैं- ट्रैवर्स द्वारा संरक्षित बैलेंस स्टोरेज में संग्रहीत विस्फोटकों से विस्फोट का खतरा नहीं होता है। 24 मई की उपज में से पीईटीएन का जो हिस्सा बच जाए उसे पानी में डुबाकर रखा जाए। खदबदाती आग को बुझाने के लिए थोक भंडार गृह को पानी से भिगोना। 3-4 कंटेनरों से रिसने वाले सांद्र नाइट्रिक एसिड को भारी मात्रा में पानी से भिगोया जाए। क्षेत्र को सभी लोगों के लिए सीमा से बाहर रखा जाए, उपरोक्त कार्रवाई करने वाले लोगों के लिए नहीं। पीईएसओ द्वारा दौरा और निरीक्षण किए जाने तक किसी भी संचालन और विस्फोटकों को हटाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। सख्त भीड़ नियंत्रण उपाय और क्षेत्र की घेराबंदी।

**अन्य विवरण :** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में एक अधिकृत विस्फोटक फैक्ट्री में अनियंत्रित विस्फोट हो गया, जिससे जान-माल का नुकसान हो गया। जिला प्रशासन द्वारा भारतीय सेना से तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करने का अनुरोध किया गया था।

लगभग 0745 बजे, कारखाने में विस्फोटक भंडारण टैंक में से एक से आग निकली और फिर लगभग 0800 बजे एक विस्फोट हुआ।

बेमेतरा रायपुर से लगभग 60 किमी उत्तर पूर्व में है। फैक्ट्री का नाम है - स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड फैक्ट्री। यह नागरिक उपयोग के लिए डेटोनेटर और विस्फोटक बनाती है।

मेजर जयदीप के नेतृत्व में भारतीय सेना सीओडी टीम एक जेसीओ और दो गोला बारूद तकनीशियनों के साथ दो बम सूट, दो विस्फोटक वेपर डिटेक्टर और अन्य आवश्यक सामग्री के साथ साइट के लिए रवाना हुई। आधी रात को जबलपुर की टीम रवाना हो गई। 26 मई की सुबह साइट पर पहुंचे।

# आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अवैध प्लाटिंग पर निरंतर कार्यवाही एवं जल संकट दूर करने और बोर खनन करवाने निर्देश दिये

### रायपुर निगम आयुक्त ने बैठक में जोन-8 के कार्यों की समीक्षा की



**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम जोन 8 कार्यालय में अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, जोन 8 जोन कमिश्नर अरूण ध्रुव, कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता, सहायक अभियंता ईश्वर लाल टावरे सहित संबंधित जोन अधिकारियों की उपस्थिति में बैठक लेकर जोन के कार्यो की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिये।

आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने जोन अधिकारियों को निर्माण एवं विकास के प्रगतिरत सभी कार्यों को सतत निगरानी करते हुए शीघ्र जनहित में जनसुविधा हेतु सुरक्षा हेतु गुणवत्ता युक्त तरीके से पूर्ण करवाना सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिये है। आयुक्त ने वार्डों में गर्मी के दौरान पेयजल संकट का त्वरित निदान करने व्यवहारिक आवश्यकतानुसार बोर खनन के कार्य करवाने निर्देशित किया है।

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने समीक्षा के दौरान जोन 8 क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग एवं अवैध कब्जो की जानकारी ली और जोन कमिश्नर को अवैध प्लाटिंग और अवैध कब्जो पर निरंतर कार्यवाही अभियानपूर्वक जारी रखने के निर्देश दिये।

# एनएमडीसी का वित्त वर्ष 24 में इस्पाती प्रदर्शन



| | वित्त वर्ष 24 | वित्त वर्ष 23 | वृद्धि |
|---|---|---|---|
| लौह अयस्क उत्पादन (मिलियन टन) | 45.02 | 40.82 | 10% |
| लौह अयस्क बिक्री (मिलियन टन) | 44.48 | 38.22 | 16% |
| टर्नओवर (करोड़ रूपए) | 21,294 | 17,667 | 21% |
| असाधारण मदों से पहले कर पूर्व लाभ (करोड़ रूपए) | 8,294 | 6,399 | 30% |
| असाधारण मदों के पश्चात कर पूर्व लाभ (करोड़ रूपए) | 8,012 | 7,637 | 5% |
| कर पश्चात लाभ (करोड़ रूपए) | 5,632 | 5,529 | 2% |
| लाभांश (रूपए) | 7.25 | 6.6 | 10% |

**हैदराबाद (विश्व परिवार)।** भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने सोमवार को वित्त वर्ष 24 के परिणाम घोषित किए। वित्तय वर्ष 24 में अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज करते हुए कंपनी ने लौह अयस्क 4 का 45.02 मिलियन टन उत्पा दन किया और 44.48 मिलियन टन बिक्री की।

वित्त वर्ष 23 की तुलना में उत्पादन में 10 प्रतिशत की वृद्धि और बिक्री में 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए एनएमडीसी अब भारत की पहली खनन कंपनी है जो लौह अयस्क उत्पादन में 45 मिलियन टन को पार कर गई है। कंपनी का वित्त वर्ष 24 का वित्तीय निष्पादन इसके ऐतिहासिक उत्पादन के अनुरूप रहा। एनएमडीसी ने पिछले वर्ष की इसी अवधि के टर्नओवर 17,667 रुपए की तुलना में 21 रुपए, 294 का टर्नओवर दर्ज किया, जो कि 21 प्रतिशत की वृद्धि है।

आंकड़ों के शीर्ष स्थान पर एनएमडीसी का वित्त वर्ष 24 में असाधारण मदों से पहले कर पूर्व लाभ (पीबीटी) 8,294 करोड़ रुपए है, जो कि वित्त वर्ष 23 के 6, 399 करोड़ रुपए पर 30 प्रतिशत की वृद्धि है। हालांकि वर्तमान वर्ष में 282 करोड़ रुपए का असाधारण व्यय हुआ, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 1,237 करोड़ रुपए (निगरानी समिति तथा एनआईएनएल में निवेश की बिक्री से प्राप्त राशि) की असाधारण आय हुई थी। इसके परिणाम स्वरूप असाधारण मदों के बाद पीबीटी में मात्र 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कंपनी का कर पश्चात लाभ (पीएटी) वित्त वर्ष 24 में 5,632 करोड़ रुपए रहा, जो कि वित्त वर्ष 23 के 5,529 करोड़ रुपए पर 2 प्रतिशत की वृद्धि है। सार्वजनिक क्षेत्र की नवरत्न कंपनी ने वित्त वर्ष 24 में अपने शेयरधारको को 1.50 रुपए का दूसरा एवं अंतिम लाभांश घोषित किया, जो कि आगामी वार्षिक आम बैठक में शेयर धारकों के अनुमोदन के अधीन है। इस वित्त वर्ष के लिए पहले अंतरिम लाभांशरू. 5.75 सहित कुल लाभांश 7.25 रुपए प्रति शेयर होता है।

वित्तवर्ष 24 की चौथी तिमाही के दौरान एनएमडीसी ने लौह अयस्क का 13.24 मिलियन टन उत्पावदनकिया और 12.54 मिलियन टन की बिक्री की है। कंपनी ने 6,475 करोड़ रुपए का टर्नओवर दर्ज किया, जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है, कर पूर्व लाभ (पीबीटी) असाधारण मदों के पहले 2, 435 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है। हालांकि वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही में 30 करोड़ रुपए का असाधारण व्यय हुआ, जबकि वित्त वर्ष 23 की चौथी तिमाही में 1,237 करोड़ रुपए की असाधारण आय हुई थी (निगरानी समिति तथा एनआईएनएल में निवेश की बिक्री से प्राप्त राशि), जिसके परिणामस्वरूप असाधारण मदों के पश्चात पीबीटी में 27 प्रतिशत की कमी हुई और यह 3,285 करोड़ से घटकर 2,405 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी ने वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 1,462 करोड़ रुपए का पीएटी रिपोर्ट किया।

वर्ष 2023-24 के लेखा परीक्षित वित्तीय परिणामों का अनुमोदन श्री अमिताभ मुखर्जी, अध्यकक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (अतिरिक्त प्रभार), एनएमडीसी की अध्याक्षता में 27 मई, 2024 को सम्पषन्नौ कंपनी की निदेशक मंडल की बैठक में किया गया।

प्रभावशाली प्रदर्शन पर टिप्प णी करते हुए श्री अमिताभ मुखर्जी ने कहा कि 45 एमटी का आंकड़ा पार करने की हमारी उपलब्धि भारतीय खनन उद्योग में एक ऐतिहासिक क्षण है। राष्ट्र के विकास को बढ़ावा देने और महत्वपूर्ण उद्योगों को मजबूत करने में हमारी भूमिका को यह उजागर करता है।

# चेंबर का प्रतिनिधि मंडल वित्त एवं वाणिज्यिक कर मंत्री ओ.पी. चौधरी जी से मिला

### ईज डूइंग बिजनेस के तहत ई-वे बिल से संबंधित पूर्व अधिसूचना क्रमांक 10-31/2018/वाक/पांच(46) को यथावत रखने तथा जीएसटी विभाग द्वारा व्यापारियों को जारी किए गए नोटिस पर रोक लगाने किया निवेदन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज चेंबर अध्यक्ष श्री अमर परवानी जी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने वित्त एवं वाणिज्यिक कर मंत्री माननीय श्री ओ.पी. चौधरी जी से मुलाकात कर ईज डूइंग बिजनेस के तहत ई-वे बिल से संबंधित पूर्व अधिसूचना को यथावत रखने तथा राज्य के विभिन्न जिलों के व्यापारियों को जीएसटी विभाग द्वारा दिए गए नोटिस पर स्वत: रोक लगाने प्रदेश भर के व्यापारियों से प्राप्त नोटिस की प्रतिलिपि सहित ज्ञापन सौंपा। जिस पर वित्त एवं वाणिज्यिक कर मंत्री माननीय श्री ओ.पी. चौधरी जी ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए उचित कदम उठाने की बात कही।



### वित्त मंत्री ने उक्त विषयों पर सकारात्मक आश्वासन दिया: पारवानी

चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर परवानी जी ने बताया कि ईज डूइंग बिजनेस के तहत ई-वे बिल से संबंधित पूर्व अधिसूचना को यथावत रखने चेंबर ने पत्र के माध्यम से राज्य वाणिज्य कर मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी जी को ज्ञापन सौंपा तथा ई-वे बिल की संख्या एवं अनुपालन से संबंधित बढ़ती जटिलताओं पर विस्तृत चर्चा की।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी जी ने बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों के व्यापारियों को जीएसटी विभाग द्वारा वर्तमान में जीएसटीआर-1 फॉर्म देर से दाखिल करने हेतु जुर्माना नोटिस जारी किया गया। विभाग द्वारा अचानक किये गए इस कार्यवाही से व्यापारियों में भय का माहौल है जिसके कारण उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

श्री पारवानी जी ने आगे बताया कि जीएसटी व्यवस्था भारत में अप्रत्यक्ष कर संरचना को सुव्यवस्थित करने के लिए शुरू किया गया एक प्रमुख सुधार है। हालाँकि, इसके कार्यान्वयन के बाद शुरुआती वर्षों में, व्यापारियों और अधिकारियों दोनों के सामने कई चुनौतियाँ थीं। नए अधिनियम की जटिलता, पोर्टल की अनभिज्ञता के साथ, अनजाने में त्रुटियां और अनुपालन में देरी हुई। इस अवधि के दौरान, व्यापारी, अधिकारी और कानूनी सलाहकार सभी जीएसटी अधिनियम की बारीकियों और इसके परिचालन तंत्र के बारे में खुद को शिक्षित करने की प्रक्रिया में थे।

जीएसटी काउंसिल की बैठक में यह कहा गया था कि 1 अप्रैल 2021 के पहले के जो भी नोटिस है यदि जीएसटी 3 बी फाइल करने के पहले जीएसटी आर-1 फाइल किया जाता है तो पेनाल्टी नहीं लगेगी। 1 अप्रेल 2021 के बाद जीएसटी आर-1 देरी से फाइल करने पर पेनाल्टी के लिये अभी तक कोई व्यवस्था नहीं की गई है। तत्पश्चात प्रारंभिक वर्षों के दौरान देर से फाइलिंग के लिए जुर्माना लगाना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता है। उपरोक्त विषयों पर माननीय श्री ओ.पी. चौधरी जी, वित्त एवं वाणिज्यिक कर मंत्री ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए उचित कदम उठाने की बात कही।

इस अवसर पर चेम्बर सलाहकार राकेश ओचवानी, प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मंत्री-नीलेश मूंधड़ा, शंकर बजाज, लोकेश साहू, प्रशांत गुप्ता, टेक्नीकल टीम के सदस्य सी.ए. मुकेश मोटवानी, रायपुर सराफा एसोसियेशन के अध्यक्ष सुरेश भंसाली, युवा चेम्बर से राजू चंदनानी, जितेन्द्र बजाज, रोहित पंजवानी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

सर्वप्रथम अत्याधुनिक
(अल्ट्रामॉडर्न) बर्न यूनिट
10 इंटेंसिव आइसोलेशन केयर ग्लास केबिन, हेपा फिल्टर/लेमिनर फ्लो 100% जीवाणु रहित ग्लास केबिन.
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता
ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न
Food Licence
इन्कम TAX फाईल
M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड
प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस
डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354